हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live

वर्ष : 01 अंक–216 : जौनपुर, सोमवार 01 मई 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## ट्रिपल इंजन की सरकार बनी तो पूरे प्रदेश का होगा चहुमुखी विकाश –योगी आदित्यनाथ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर पालिका परिषद के चुनाव को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों की पार्टियां ने अपने प्रचार अभियान की पूरी ताकत झोंक दी है। वहीं भारतीय जनता पार्टी जिले की नौ नगर पंचायत और तीन नगर पालिका परिषद पर अपना चेयरमैन बनाने के लिए बेताब दिख रही है जिसे लेकर सोमवार को सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नगर के बीआरपी इंटर कॉलेज के मैदान से जनता को संबोधित करते हुए सभी उम्मीदवारों को विजयश्री दिलाने के लिए उनके पक्ष में वोट करने के लिए अपील किया। मुख्यमंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम माता शीतला और त्रिलोचन महादेव को प्रणाम करते हुए जनसभा को संबोधित करना शुरू किया। बिना किसी लाग लपेट किए किसी और औपचारिकता किया उन्होंने सरकार द्वारा संचालित तमाम योजनाओं के बारे में बताया जिससे जनता लाभान्वित हो रही है ।साथ ही उन्होंने कहा कि 70 सालों में जो काम नहीं हुआ वह हमारी सरकार ने 6 साल में काम करके दिखाया है। आज कोई भी अपराधी और माफिया सीना तान के नहीं चल सकता है आज हमारी बेटियां बहुएं सीना तान के चल सकती हैं। रंगदारी वसूली की बात तो बहुत दूर है माफिया गले में पट्टी बांधकर चलते हैं कि जान बख्श दो आज इस प्रकार का माहौल बना हुआ है यह डबल इंजन सरकार का कार्य है ।हमारी सरकार ने लोगो को बिना भेदभाव के सबको सुरक्षा बिना भेदभाव के सबको विकास बिना भेदभाव के सबको शासन की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है और यह सब संभव हो पाया है जब डबल इंजन एक साथ काम कर रही है जब इसके साथ तीसरा इंजन जुड़ जाएगा तो सोने पे सुहागा हो जाए। भारतीय जनता पार्टी में नगर निकाय चुनाव में डबल इंजन के साथ ट्रिपल इंजन को




जोड़ने के लिए एक अभियान चला रखा है जिससे जनता को इसका लाभ मिल सके। इसके लिए सरकार प्रयासरत है। जनपद में 10 करोड़ लोगों को स्वास्थ्य विभाग का लाभ भी दिया जा रहा है कॅरोना काल में सरकार ने 15 करोड़ लोगों को फ्री में राशन दिया युवाओं के हाथ में तमंचे नहीं बल्कि टेबलेट फोन देने का काम सरकार ने किया है। बुआ और बबुआ की सरकार ने मिलकर जौनपुर छवि को धूमिल करने का काम किया है। यहां की इमारती में कड़वाहट भरने का काम किया है ।अब जौनपुर एक नई दिशा में चल रहा है और जौनपुर फिर से अपने गरिमा को हासिल करेगा यहां की इमारती में जो मिठास थी वह कम हो गई है लेकिन अब उसे फिर से सही किया जा रहा है। आज कोई व्यापारियों से रंगदारी नहीं वसूल तक रहा है व्यापारी निश्चिंत होकर अपना व्यापार कर रहे हैं आज जौनपुर में स्मार्ट सिटी का स्थान ले लिया है आज ही यूपी सही और सकारात्मक दिशा की ओर बढ़ रहा है या सरकार की देन है यदि नगरपालिका अध्यक्ष जुड़ जाए तो उनकी सरकार बनाकर पूरे प्रदेश का चौमुखी विकास किया जाएगा।

## पूर्ण निष्ठा के साथ ऑपरेशन नन्हें फरिश्ते का संचालन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। यात्री सेवा में पूर्ण निष्ठा के साथ सदैव तत्पर रेलवे सुरक्षा बल उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल द्वारा अपनाई जाने वाली विभिन्न गतिविधियों के तहत गत दिवस में मंडल के लखनऊ स्टेशन पर नन्हे फरिश्ते का संचालन करते हुए इसके तहत निम्न गतिविधि को सफलतापूर्वक संचालित किया गया जिनका ब्यौरा निम्नवत है :– दिनांक 30.04.2023 को रेलवे सुरक्षा बल नियंत्रण कक्ष द्वारा प्राप्त सूचना कर आधार पर रेलवे स्टेशन चारबाग लखनऊ के प्लेटफार्म नं0 07 पर आई गाड़ी सं0 01432 पुणे समर स्पेशल ट्रेन के जनरल कोच को ऑन ड्यूटी रेलवे सुरक्षा बल के कर्मचारियों द्वारा चेक किया गया तो गाड़ी के जनरल कोच मे एक लड़की व एक लड़का सीट नं0 33 पर संदिग्धावस्था में बैठे मिले । संदेह की पुष्टि हेतु कर्मचारियों द्वारा दोनों को रे0सु0ब0 पोस्ट लखनऊ पर लाया गया तथा पूछताछ की गई जिसके दौरान लड़की ने अपना नाम रानी (काल्पनिक नाम) निवासी




जिला देवरिया व लड़के ने अपना नाम पप्पू (काल्पनिक नाम) जिला वाराणसी उ0प्र0 बताया। लड़की के नाबालिक होने के कारण रेलवे सुरक्षा बल द्वारा लड़की को चाइल्ड लाइन हेल्पलाइन एहसास लखनऊ के कर्मचारी को सकुशल सुपुर्द किया गया।

## श्रीमद् भागवत कथा मनुष्य को जीवन जीने और मरने की कला सिखाती है– अखिलेश पांडे

सुजानगंज, जौनपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : स्थानीय क्षेत्र के ग्राम पंचायत रया, मुस्तफाबाद में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा में पंडित अखिलेश पांडे ने रविवार को श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन बताया कि श्रीमद् भागवत सुनने का लाभ भी कई जन्मों के पुण्य से प्राप्त होता है। श्रीमद् भागवत कथा मनुष्य को जीवन जीने और मरने की कला सिखाती है। मनुष्य को जीवन परमात्मा ने दिया है, लेकिन जीवन जीने की कला हमें सत्संग से प्राप्त होती है। सत्संग का मनुष्य के जीवन में बड़ा महत्व है। वहीं पर अखिलेश पांडे जी महाराज ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव की कथा का वाचन करते हुए शास्त्री जी ने कहा कि भगवान सदैव भक्तों के वश में है। भगवान हमेशा अपने भक्तों का ध्यान रखते हैं। जब–जब धरती पर पाप बढ़ता है, तब–तब भगवान श्रीहरि धरा पर किसी न किसी रूप में अवतार लेकर भक्तों के संकट को हरते हैं। जब कंस के पापों का घड़ा भर गया तब भगवान श्री कृष्ण ने बृज में जन्म लेकर कंस का अंत कर



पापी राजा से भक्तों को मुक्ति दिलाई। इस अवसर पर नंद बाबा एवं श्री कृष्ण की सुंदर झांकी सजाई गई। सभी भक्तों ने नन्हे बालकृष्ण का पूजन किया इससे पूर्व व्यास पीठ का पूजन मुख्य यजमान राज मूर्ति दुबे (एडवोकेट), कैलाश नाथ दुबे व आशा देवी ने किया।

## भारतीय जनता पार्टी से निकाय चुनाव में बगावत करने वाले करीब दो दर्जन कार्यकर्ता निष्कासित

सुलतानपुर ब्यूरो अलोक श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी ने नगर निकाय चुनाव में सख्त निर्णय लेते हुए 23 कार्यकर्ता सक्रिय सदस्य पार्टी पदाधिकारियों को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी के आदेश पर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा ने नगर पंचायत अध्यक्ष पदों व नगर पालिका के सभासद पद के लिए भाजपा के घोषित उम्मीदवारों के खिलाफ चुनाव लड़ने के कारण या पार्टी प्रत्याशियों के खिलाफ काम करने के कारण और अनुशासनहीनता के कारण 23 पार्टी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को 6 वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया है ।भाजपा जिलाध्यक्ष द्वारा जारी सूची में कादीपुर नगर पंचायत अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ रहे विजय भान सिंह मुन्ना, कोइरीपुर में पूनम जायसवाल के पति राजेश जयसवाल एवं प्रतिभा साहू के पति सौरभ साहू, दोस्तपुर मंडल अध्यक्ष संजय कसौधन, भानमती गौतम, मंजू सोनकर, किरण सोनकर एवं शांति देवी को 6 वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया है। इसी क्रम में लंभुआ में जयशंकर त्रिपाठी,नगर के ठठेरी बाजार में पार्टी के घोषित प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे पूर्व नपा अध्यक्ष बबिता जायसवाल के भतीजे आकाश जायसवाल उर्फ अक्कू, घासीगंज से बीजेपी के पूर्व सभासद संदीप गुप्ता, शास्त्रीनगर आशीष रघुवंशी, सीताकुंड अरुण कुमार तिवारी, पयागीपुर गिरीश कुमार मिश्रा, खैराबाद के खांटी भाजपाई रहे विजय सेक्रेटरी को पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ त्रिशूल लेकर उतरने पर बाहर का रास्ता पार्टी ने दिखाया है, लाल डिग्गी दीप सिंह, बढ़ैयावीर कुंवर प्रताप सिंह , अनूप कुमार मिश्रा, नारायणपुर सत्य नारायण सिंह व राजेश्वर सिंह,आशीष यादव का समर्थन करने वाले विवेक नगर के पूर्व सभासद रह चुके अनुराग श्रीवास्तव एवं अमित पांडे घोसियाना राम सिंह को पार्टी से 6 वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया है ।पार्टी प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने बताया पार्टी ऐसे लोगों की तरफ भी निगाह बनाए हुए हैं जो पार्टी द्वारा घोषित प्रत्याशियों के खिलाफ भीतरघात कर रहे हैं। ऐसे लोग सावधान हो जाएं नहीं तो पार्टी इनके खिलाफ भी अनुशासनात्मक कार्रवाई करेगी।

## श्रमिक बने मेवालाल ने बेटों को बनाया डिग्री कालेज का लेक्चरर : पोता पहुंचा हार्वर्ड यूनिवर्सिटी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कौन कहता है कि आसमां में सुराख नहीं हो सकता एक पत्थर तो जरा तबियत से उछालो यारों। यह कहावत श्रमिक मेवा लाल मौर्य पर चरितार्थ होती है जो 8 वर्ष की उम्र से मजदूरी करते हुए लेबर मिस्त्री का कार्य किया और अपनी मेहनत के बल पर उसने अपने दो बेटों को डिग्री कॉलेज का लेक्चर बनवाया और पोते को हार्वर्ड यूनिवर्सिटी अमेरिका में शिक्षा दिला रहा है। जनपद में एक दर्जन से अधिक डिग्री व इंटर कॉलेज व हजारों मकान इन्होंने अपने हाथों से बनाया है। लाइन बाजार थाना क्षेत्र के सैदनपुर मुरादगंज निवासी 82 वर्षीय मिस्त्री व ठेकेदार मेवा लाल मौर्य 1941 में पैदा हुए थे। उन्होंने बताया कि बचपन में अध्यापक बनना चाहते थे लेकिन कक्षा 3 पास करने के बाद परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण वह नौ वर्ष की उम्र में खेतों में मजदूरी करने लगे। 50 पैसा मजदूरी उस वक्त मिलती थी। 1953 में 12 वर्ष की उम्र में वह शहर चले आए और भगेलू मिस्त्री के साथ लेबर का काम घर बनाने का काम सीखने लगे। 21 वर्ष की उम्र में लेबर से मिस्त्री बने 1989 तक मिस्त्री का कार्य करते रहे ।इसके बाद मिस्त्री के साथ साथ वह ठेकेदारी करने लगे। आज की तिथि में उनके साथ 15 मिस्त्री व बीस लेबर कार्य कर रहे हैं। जोखिम व तकनीकी वाले कार्यों में स्वयं कन्नी, बसुली रम्भा लेकर कार्य करने लगते हैं। उनका सपना अध्यापक बनने का था लेकिन पारिवारिक स्थिति ठीक न होने के कारण वह मजदूरी करने लगे ।अपनी मेहनत के बल पर उन्होंने अपने बेटों को उच्च शिक्षा दिलवाया। उनका बड़ा बेटा डॉक्टर एलपी मौर्य शिया डिग्री कॉलेज



बॉटनी का हेड ऑफ डिपार्टमेंट है। छोटा बेटा रतन चंद्र मौर्य सूरत गुजरात के कॉलेज में जूलॉजी का लेक्चरर है। तीसरा बेटा मदन चंद उन्हीं के साथ मिस्त्री व ठेकेदारी का कार्य करता है। उनका पोता विभोर 22 वर्ष हार्वर्ड यूनिवर्सिटी अमेरिका में शिक्षा ग्रहण कर रहा है। मेवा लाल ने बताया कि जनपद के एक दर्जन इंटर व डिग्री कॉलेज वह अब तक बना चुके हैं जिसमें कचगांव का सरजू प्रसाद महाविद्यालय, मदारपुर का सन्त बक्श सिंह महाविद्यालय, मीरगंज का सर्वोदय महाविद्यालय इत्यादि शामिल है। इसके अलावा बैंकर्स कॉलोनी के 60 परसेंट मकान उन्होंने ही बनाया है। तारापुर कॉलोनी के 50 से अधिक मकान उनके हाथ से बनाए हुए हैं। अब तक वह हजारों मकान जनपद में बना चुके हैं। वह स्वयं तो अध्यापक नहीं बन सके लेकिन अपने बेटों को शिक्षा जगत के उच्च शिखर पर पहुंचा दिया।

## मतदाता जागरूकता हेतु मानवाधिकार जनसेवा परिषद की पहल

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ – स्थानीय निकाय चुनाव में मतदाताओं को वोट डालने हेतु मानवाधिकार जनसेवा परिषद के सदस्य प्रेरित करेंगे। आज मानवाधिकार जनसेवा परिषद के सदस्यों की किरन प्रकाश विश्वकर्मा प्रधान के खरगापुर स्थित कार्यालय पर आयोजित बैठक में अध्यक्ष रूप कुमार शर्मा ने यह जानकारी दी। लोकसभा व विधानसभा चुनाव में वोट डालने हेतु नागरिकों में उत्साह रहता है परन्तु नगर निगम चुनाव में लोग उदासीन हो जाते हैं जबकि जन समस्याओं के निवारण में पार्षद ही मुख्य भूमिका निभाता है। इसलिए सभी नागरिकों को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। किरन प्रकाश विश्वकर्मा ने लोगों से अपील की वोट डालने जाते समय अपने साथ पड़ोसी को भी साथ ले जायें। उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा ने जानकारी दी कि उनके द्वारा विनय खण्ड स्थित पोलिंग बूथ पर वोट डालने आने वाले लोगों को पीने का पानी निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। देवकीनन्दन विश्वकर्मा प्रधान तथा रमेश सिंह प्रधान ने कहा कि यदि लोग समाजसेवी व कर्मठ




उम्मीदवार को चुनने हेतु वोट अवश्य डालें। शालिनी श्रीवास्तव, आशा सिंह, हेमा गुप्ता, नीलम मिश्रा, बीना सिंह तथा शोभना सिंह टीम बनाकर लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित करेंगी। इस अवसर पर रूप कुमार शर्मा, अध्यक्ष मानवाधिकार जनसेवा परिषद प्रदीप कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष, किरन प्रकाश विश्वकर्मा प्रधान, देवकी नंदन विश्वकर्मा प्रधान, रेखा शर्मा, आशा सिंह, हेमा गुप्ता, शालिनी श्रीवास्तव, नीलम मिश्रा, शोभना सिंह, बीना सिंह, रमेश सिंह प्रधान, बाज बहादुर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

**पाठक बन्धुओं से अनुरोध**

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट www.Desh ki upasana.com का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - dku live सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## सांसद का चार दिवसीय दौरा : विभिन्न कार्यक्रमों में होंगी शामिल

सुलतानपुर ब्यूरो अलोक श्रीवास्तव : पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी 4 दिवसीय दौरे पर सोमवार 1 मई को संसदीय क्षेत्र पहुंच रही है ।श्रीमती गांधी दिल्ली से सड़क मार्ग द्वारा शाम 5:30 बजे असरोगा टोल प्लाजा पहुंचेंगी जहां पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया



जाएगा। इसके बाद श्रीमती गांधी नगर के घासीगंज में शाम 6:30 बजे व शाहगंज चौराहा पर शाम 7:00 बजे नगर पालिका अध्यक्ष एवं सभासद प्रत्याशी के समर्थन में मतदाताओं से अपील करेंगी। इसके बाद श्रीमती गांधी शास्त्रीनगर स्थित संदीप प्रताप सिंह के आवास पर कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात करने के बाद रात्रि विश्राम करेंगी ।सांसद मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया की श्रीमती गांधी 4 मई को अपराह्न 1:30 बजे तक संसदीय क्षेत्र में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होगी ।श्रीमती गांधी 2 मई से 4 मई तक प्रातः 7:00 बजे से 9:00 बजे तक जनता दर्शन कार्यक्रम के माध्यम से जन–शिकायतों का निस्तारण भी करेंगी ।श्रीमती गांधी 4 मई को 1:30 बजे सड़क मार्ग से दिल्ली को रवाना होगी।

## मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना तथा मजदूर दिवस पर विधिक जागरुकता शिविर

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन विकास खण्ड हरियावां के ग्राम ग्राम पंचायत पेंग के सचिवालय में आयोजन किया गया। शिविर में उत्तर प्रदेश




मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना तथा अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस विषय पर आम जनमानस को जानकारी दी गई। लीगल एड क्लीनीक फरहान सागरी ने जानकारी देते हुये बताया कि इस योजना के अंतर्गत कोविड के समय अपने माँ– बाप खोने वाले बच्चों को प्रति महीने 4 हजार रुपये, 3 महीने में किश्तों के रूप में दिये जाने का प्रावधान है। बाल सेवा योजना के तहत शादी योग्य होने पर लड़कियों को 1,01,000 रुपयों की आर्थिक सहायता सरकार द्वारा दी जाएगी। जिन बच्चों ने कोरोना के कारण अपने माता पिता या दोनों में से किसी एक को खो दिया है उन्हें सरकार द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। जिला विधिक द्वारा दी जाने वाली निशुल्क सेवाओं एवं मई माह में होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी दी गई। ग्राम विकास अधिकारी अमित कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि मजदूर दिवस मजदूरों और श्रमिकों को सम्मान देने के उद्देश्य से हर साल दुनियाभर में मजदूर दिवस मनाया जाता है। मजदूर दिवस को लेबर डे, श्रमिक दिवस या मई डे के नाम से भी जाना जाता है। हर मजदूर से प्रतिदिन 8 घंटे ही काम लिया जाएगा ग्राम प्रधान पति अशोक कुमार, पूर्व प्रधान ओम प्रकाश यादव। पीएलवी कीर्ति कश्यप, श्यामू सिंह, कमलेश कुमार, रिंकू, ललित कुमार गुप्ता सहित ग्राम वासी शिविर में उपस्थित रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

जीवन में कुछ पाना है तो विनम्रता उस सफर की पहली सीढ़ी है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# अभी रफ्तार नहीं पकड़ पाई बुलेट ट्रेन परियोजना

केन्द्र में 2014 में सत्ता परिवर्तन होने पर जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की कमान संभाली तो उन्होंने इस महत्वपूर्ण परियोजना को वास्तव में गोली की माफिक आगे बढ़ाने की चुनौती को अपने हाथ में लिया और इस दिशा में वह निरन्तर प्रयास भी करते रहे। इस परियोजना को शुरू में 2022 तक पूरा होना था और बाद में इसके पूर्ण होने की समय सीमा 2023 रखी गई।

भारत में बुलेट ट्रेन परियोजना अपने नाम के अनुरूप गोली की माफिक चलने के बजाए जटिल परिस्थितियों के कारण कछुआ चाल चल रही है। डॉक्टर मनमोहन सिंह सरकार का गोली की माफिक चलने वाली इस ट्रेन का सपना पहली बार तत्कालीन रेल मंत्री ममता बनर्जी के 2009–2010 के रेल बजट में नजर आया था।

कुल 350 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चलने वाली इस ट्रेन ने बुलेट ट्रेन के नाम से नहीं अपितु हाइ स्पीड ट्रेन के नाम से पुणे से अहमदाबाद के बीच दौड़ना था जिसको व्यवहार में बदलने के लिए भारतीय रेल और फ्रेंच नेशनल रेलवे के बीच 14 फरवरी 2013 को मेमोरेण्डम ऑफ अण्डरस्टेंडिंग पर हस्ताक्षर हुए थे। अधिक आर्थिक बोझ के कारण बाद में परियोजना में परिवर्तन कर इसे मुंबई से अहमदाबाद के बीच निर्धारित कर दिया गया जिसके लिए वर्ष 2013 में ही भारत और जापान के बीच समझौता हुआ था और भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री डाक्टर मनमोहन सिंह और जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने इस पर 29 मई 2013 को एक संयुक्त बयान जारी किया था। जापान की तीन दिवसीय यात्रा पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12 नवम्बर 2016 को भारत जापान संबंधों को फास्ट ट्रैक पर लेन के लिए टोक्यो में अपने जापानी समकक्ष शिंजो आबे के साथ प्रसिद्ध शिंकानसेन बुलेट ट्रेन की सवारी की।

2027 तक ही दौड़ पाएगी बुलेट ट्रेन

केन्द्र में 2014 में सत्ता परिवर्तन होने पर जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की कमान संभाली तो उन्होंने इस महत्वपूर्ण परियोजना को वास्तव में गोली की माफिक आगे बढ़ाने की चुनौती को अपने हाथ में लिया और इस दिशा में वह निरन्तर प्रयास भी करते रहे। इस परियोजना को शुरू में 2022 तक पूरा होना था और बाद में इसके पूर्ण होने की समय सीमा 2023 रखी गई। मगर अब रेल मंत्रालय का कहना है कि यह 2027 तक ही पूर्ण हो पाएगी। अब रेल मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि 28 फरवरी 2023 तक कुल भौतिक प्रगति 26.33 प्रतिशत है। मंत्रालय ने उल्लेख किया है कि महाराष्ट्र ने समग्र कार्य का 13.72 प्रतिशत पूरा कर लिया है। दूसरी ओर गुजरात ने 52 प्रतिशत से अधिक सिविल कार्य पूरा कर लिया था और वहां कुल मिलाकर 36.93 प्रतिशत की वर्तमान पूर्णता दर है। मंत्रालय के अनुसार 257.06 किलोमीटर के हिस्से में पाइलिंग का काम पूरा हो चुका है। जबकि 155.48 किलोमीटर तक पियर का काम पूरा हो चुका है। संरचना का सपोर्ट करने के लिए 37.64 किमी गर्डर्स लॉन्च किए गए थे।

तेज रफ्तार रेलों के युग का सूत्रपात

इस प्रयोग को भारत में बहुत तेज रफ्तार ट्रेनों के युग का सूत्रपात कहा जा सकता है। इसके साथ ही वाराणसी और दिल्ली के बीच एक और बुलेट ट्रेन परियोजना पर विचार किया जा रहा है। बहुत तेज गति ट्रेनों से न केवल समय की बचत होगी बल्कि सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में भी बड़े बदलाव की उम्मीद है। लेकिन इसके मार्ग में दिक्कतें भी कम नहीं है। अगर काम आसान होता तो 2010 से लेकर अब तक कब के बुलेट ट्रेन दोड़ चुकी होती। केवल परियोजना का नाम बुलेट रखने से वह बुलेट की गति नहीं पकड़ सकती। जैसे उत्तराखण्ड के चारधाम मार्ग नवीनीकरण परियोजना का नाम ऑल वेदर रखने से वह सभी मौसमों में यातायात योग्य नहीं हो गई।

परियोजना में आ रही बाधाएं

दरअसल, इस परियोजना की भौतिक और आर्थिक व्यवहार्यता के संबंध में कुछ आशंकाएं जरूर रही हैं। परियोजना की लागत लगभग 1.1 ट्रिलियन रुपये होने का अनुमान है और इतना वित्तीय बोझ सरकार पर भारी पड़ सकता है। खास कर तब जब कि परियोजना अपनी लागत को पूरा करने के लिए पर्याप्त राजस्व उत्पन्न न कर पाए। परियोजना के निर्माण के दौरान लोगों के विस्थापन और पर्यावरण को होने वाले नुकसान को लेकर भी चिंता जताई गई है। परियोजना के लिए भूमि का अधिग्रहण भी आसान नहीं है। तेज रेल के लिए आम किसान की आजीविका छिन जाएगी। वहीं, पर्यावरणीय पहलू की भी अनदेखी नहीं की जा सकती। हालांकि, रेल मंत्रालय का दावा है कि अब तक लगभग 8000 बड़े वृक्षों को उठाकर दूसरी जगह स्थापित करने के साथ ही 83,600 नया वृक्षारोपण कर दिया गया है।

बुलेट ट्रेन परियोजना का अर्थशास्त्र

भारत बुलेट ट्रेन पर 1,10,000 करोड़ रुपये 5 साल में खर्च करेगा यानी सालाना 20,000 करोड़ और इस 1,10,000 करोड़ में 88,000 करोड़ रुपये भारत को कर्ज के तौर पर जापान दे रहा है। इस कर्ज पर ब्याज भी नहीं के बराबर है और ये कर्ज भारत को 50 साल में जापान को चुकाना है। 0.1 प्रतिशत के ब्याज को जोड़कर गणना करें तो 88.000 करोड़ के कर्ज के बदले भारत को जापान को 90,500 करोड़ रुपये चुकाने होंगे यानी केवल 2500 करोड़ रुपये ज्यादा।

कुल 7 घंटे की दूरी 2 घंटे में पूरी होगी

पहले चरण में बुलेट ट्रेन मुबंई और अहमदाबाद के बीच की 508 किलोमीटर की दूरी सिर्फ दो घंटे सात मिनट में तय होगी। मुंबई और अहमदाबाद के बीच 12 स्टेशन प्रस्तावित हैं। बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, ठाणे, विरार, बोइसर, वापी, बिलिमोरा, सूरत, भरुच, वडोदरा, आणंद, अहमदाबाद और साबरमती। इस रूट पर बुलेट ट्रेन की ऑपिरेटिंग स्पीड होगी 320 किलोमीटर प्रतिघंटा और अधिकतम स्पीड होगी 350 किलोमीटर प्रतिघंटा होगी। कुल 508 किमी लम्बे इस रूट पर 468 किलोमीटर लंबा ट्रैक एलिवेडेट होगा, 27 किलोमीटर सुरंग के अंदर और बाकी 13 किलोमीटर जमीन पर होगा। जापान की कंपनी की रिपोर्ट के अनुसार इस ट्रेन में 750 लोगों के बैठने की क्षमता होगी। भविष्य में इसे 16 कार इंजन वाली बुलेट ट्रेन में तब्दील करने का प्रस्ताव भी इस रिपोर्ट में है। 16 कार इंजन वाली बुलेट ट्रेन में 1200 लोगों के बैठने की क्षमता होगी।

रिपोर्ट के अनुसार शुरुआत के दिनों में हर दिन 36,000 लोग बुलेट ट्रेन में सफर करेंगे और 30 साल बाद यानी 2053 तक इसमें सफर करने वालों की तादाद रोजाना 1,86,000 तक पहुंचने की उम्मीद जताई गई है। शुरुआत में इस रुट पर हर दिन एक दिशा में 35 ट्रेन चलेंगी, जिसे 30 साल बाद यानी 2053 तक बढ़ाकर 105 ट्रेन प्रतिदिन करने की योजना है।

सस्ती नहीं होगी बुलेट ट्रेन की सवारी

इसका किराया बाकी रेल किराए के मुकाबले मंहगा है, जो कि रेलवे के मौजूदा एसी प्रथम श्रेणी के किराए से भी डेढ़ गुना ज्यादा हो सकता है। मुंबई से अहमदाबाद तक के सफर के लिए एक यात्री को 2700 से 3000 रुपये के बीच किराया अनुमानित है। अगर इस रुट पर हवाई जहाज के किराए की बात करें तो वो 3500 से 4000 रुपये के बीच बैठता है। जबकि उसमें यात्रियों को बीच रास्ते में कहीं उतरने की सुविधा नहीं होती। मुंबई से अहमदाबाद के बीच लग्जरी बस का किराया भी 1500 से 2000 रुपये के आसपास है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस : भारत में 100 साल से मनाया जा रहा है लेबर डे

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : आज एक ऐसा दिवस है जिसे भारत समेत पूरी दुनिया भर में अलग–अलग नामों से जाना जाता है। यह दिवस हर साल 1 मई को मनाया जाता है। इस दिवस को अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस, मजदूर दिवस, लेबर डे और मई दिवस के नाम से जाना जाता है। किसी भी देश की अर्थव्यवस्था से लेकर विकासशील से विकसित होने तक के सफर में श्रमिकों को सबसे बड़ा योगदान होता है। हमारे देश भारत में भी मजदूर दिवस 100 साल से मनाया जा रहा है। घ्मजदूरों और श्रमिकों को सम्मान देने के उद्देश्य से हर साल दुनिया भर में मजदूर दिवस मनाया जाता है। मजदूरों के नाम समर्पित यह दिन 1 मई है। श्रमिकों के सम्मान के साथ ही मजदूरों के अधिकारों के लिए आवाज उठाने के उद्देश्य से भी इस दिन को मनाते हैं, ताकि मजदूरों की स्थिति समाज में मजबूत हो सके। मजदूर किसी भी देश के विकास के लिए अहम भूमिका में होते हैं। हर कार्य क्षेत्र मजदूरों के परिश्रम पर निर्भर करता है। मजदूर किसी भी क्षेत्र विशेष को बढ़ावा देने के लिए श्रम करते हैं। इसी के साथ कामगारों के हक और अधिकारों के लिए आवाज उठाना और उनके खिलाफ होने वाले शोषण को रोकना भी है। साथ ही श्रमिकों और मजदूरों को उनके अधिकारों के बारे में शिक्षित करना है। हर बार मजदूर दिवस की एक थीम होती है, जिसके आधार पर इन दिन को मनाया जाता है। इस वर्ष मजदूर दिवस 2023 की थीम 'सकारात्मक सुरक्षा और हेल्थ कल्चर के निर्माण के लिए मिलकर कार्य करना। अमेरिका में साल 1886 से मजदूरों ने 8 घंटे काम करने के लिए शुरू किया था आंदोलन– बता दें कि मजदूर दिवस की उत्पत्ति संयुक्त राज्य अमेरिका में 19वीं शताब्दी में हुई, जहां आठ घंटे के कार्य दिवस, आठ घंटे के मनोरंजन और आठ घंटे के आराम की वकालत करने के लिए आठ घंटे का आंदोलन शुरू किया गया था। मजदूरों के इस आंदोलन की शुरुआत 1 मई 1886 को (1ज उंल संइवनत कंल) अमेरिका में हुई थी। इस आंदोलन में अमेरिका के मजदूर अपनी मांगों को लेकर सड़क पर आ गए थे, दरअसल उस समय मजदूरों से 15–15 घंटे काम लिया जाता था। इस आंदोलन के बीच मजदूरों पर पुलिस ने गोली चला दी जिसमें मजदूरों की जान चली गई, वहीं 100 से ज्यादा श्रमिक घायल हो गए। इस आंदोलन के तीन साल बाद 1889 में अंतरराष्ट्रीय समाजवादी सम्मेलन की बैठक हुई। जिसमे तय हुआ कि हर मजदूर से केवल दिन के 8 घंटे ही काम लिया जाएगा। इस सम्मेलन में ही 1 मई को मजदूर दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा गया, साथ ही हर साल 1 मई को छुट्टी देने का भी फैसला लिया गया। अमेरिका में श्रमिकों के आठ घंटे काम करने के निमय के बाद कई देशों में इस नियम को लागू किया गया। भारत में 1 मई 1923 को पहला मजदूर दिवस मनाया गया अमेरिका में भले ही 1 मई 1889 को मजदूर दिवस मनाने का प्रस्ताव आ गया हो। लेकिन भारत में ये आया करीब 34 साल बाद। वहीं भारत में मजदूर दिवस मनाने की शुरुआत 1 मई 1923 को मद्रास (वर्तमान में चेन्नई) से हुई। लेबर किसान पार्टी ऑफ हिंदुस्तान की अध्यक्षता में ये फैसला किया गया। इस बैठक को कई सारे संगठन और सोशल पार्टी का समर्थन मिला। जो मजदूरों पर हो रहे अत्याचारों और शोषण के खिलाफ आवाज उठा रहे थे। इसकी शुरुआत लेबर किसान पार्टी ऑफ हिंदुस्तान ने की थी। इस दिन को विभिन्न भारतीय राज्यों में अलग–अलग नामों से मनाया जाता है, जैसे कामगार दिन (हिंदी), कर्मिकारा दिनचारणे (कन्नड़), कर्मिका दिनोत्सवम (तेलुगु), कामगार दिवस (मराठी), उझाईपालार दिनम (तमिल), थोझिलाली दिनम (मलयालम), और श्रोमिक दिबोश (बंगाली) में कहा जाता है।

# अब मारपीट करने वाले की भी खुलेगी हिस्ट्रीशीट : जिले में मारपीट करने वालों की पुलिस बना रही कुंडली

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : आए दिन मारपीट करना और शौकिया अपराध करने वाले बदमाशों की भी अब हिस्ट्रीशीट खोली जाएगी। डीजीपी ने निर्देश दिया है कि बैंक एटीएम लुटेरे, चेन स्नेचर, साइबर क्रीमिनल्स और शौकिया मारपीट करने वालों की हिस्ट्रीशीट खोली जाए। साथ ही हिस्ट्रीशीट खोलते समय उसके मानक का भी ध्यान जरूर रखा जाए। गोरखपुर में ऐसे बदमाश जो इधर मारपीट की घटना में लिप्त पाए गए हैं। पुलिस उनकी कुंडली खंगाल रही है। अगर इन बदमाशों पर पहले से एक या दो मुकदमा होगा तो उनकी हिस्ट्रीशीट खोली जाएगी। इधर दो दिनों में एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने अलग–अलग थानों के 5 से ज्यादा शातिर बदमाशों की हिस्ट्रीशीट खोली है। जानकारी के अनुसार जिले में कुल 1505 हिस्ट्रीशीटर हैं। इनमें से 135 निष्क्रिय हैं। पुलिस के मुताबिक 1370 हिस्ट्रीशीटर अब भी एक्टिव हैं, इनमें से 130 को पुलिस जेल भेज चुकी है। चौरीचौरा थाने में सर्वाधिक 102 हिस्ट्रीशीटर हैं। इनमें से 12 निष्क्रिय हैं।कोतवाली थाने में 46, राजघाट में 49, तिवारीपुर में 47, कैंट में 28, खोराबार में 58, रामगढ़ताल में 20, गोरखनाथ में 62, शाहपुर में 47, कैंपियरगंज में 53, पीपीगंज में 62, सहजनवां में 38, गीडा में 47, चिलुआताल में 63, झंगहा में 82, पिपराइच में 81, गुलरिहा में 46, बांसगांव में 73, गगहा में 79, बेलीपार में 51, गोला में 51, बड़हलगंज में 88, उरुवा बाजार में 40, बेलघाट में 28, खजनी में 75, सिकरीगंज में 48 और हरपुर बुदहट में 39 हिस्ट्रीशीटर हैं। क्या होती है हिस्ट्रीशीट बदमाश के आपराधिक इतिहास की फाइल को ही हिस्ट्रीशीट कहते हैं। एक्टिव बदमाशों की निगरानी के लिए हिस्ट्रीशीट खोली जाती है। बदमाश लगातार अपराध कर रहा हो तो निगरानी के लिए यह व्यवस्था होती है। हर हिस्ट्रीशीटर की निगरानी के लिए एक–एक सिपाही की ड्यूटी लगती है। नियमों के मुताबिक हिस्ट्रीशीटर को सप्ताह में एक बार थाने या चौकी पर आकर हाजिरी भी देनी होती है। हिस्ट्रीशीटर की कैटेगरी ए में चोरी, लूट, डकैती से संबंधित क्राइम से जुड़े अपराधी होते हैं। वही बी कैटेगरी की हिस्ट्रीशीट पेशेवर अपराधियों की खोली जाती है। इस सम्बंध में एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर ने बताया कि मारपीट की घटनाओं में लिप्त पाए गए बदमाशों की कुंडली खंगाली जा रही है। इनके ऊपर पहले से मुकदमे दर्ज होंगे तो उनकी भी हिस्ट्रीशीट खोली जाएगी। जो भी एक्टिव शातिर बदमाश होंगे उनकी हिस्ट्रीशीट खोली जाएगी। ताकी उनकी निगरानी हो सके। ये रूल पुलिस को करना होगा फॉलो –18 साल से कम उम्र की हिस्ट्रीशीट नहीं खोली जाएगी. शौकिया अपराध करने वालों की हिस्ट्रीशीट खोली जाए. जो बदमाश एक्टिव हैं उन्हीं की हिस्ट्रीशीट खोली जाए. रंजिश में दर्ज अभियोगों के आधार पर हिस्ट्रीशीट न खोलें. यूपी गुंडा नियंत्रण अधिनियम की कारवाई को हिस्ट्रीशीट खोलने का आधार न बनाएं. एसएसपी संतुष्ट होने पर हिस्ट्री शीट खोलने की अनुमति दें.18 से 21 साल के अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोलने से पहले सीबीसीआइडी से 15 दिनों में रिपोर्ट ली जाए. हिस्ट्रीशीटरों की सूचना आनलाइन भी अवेलबल कराई जाए।

# अ–मोक्ष–बोध विषय पर की गई परिचर्चा



अ–मोक्ष–बोध परिचर्चा में उपस्थित लोगों के समक्ष अपनी कृति अ–मोक्ष एक प्रस्तुति के साथ देश की उपासना के संपादक मंडल के सदस्य श्री शिवशंकर द्विवेदी।

लखनऊ डीकेयू ब्यूरो : इं. विश्वेश द्विवेदी ने अवगत कराया है कि, दिनांक 30–4–2023 को अपराह्न 4:00 बजे उनके आवास संख्या –415–8 –सी वृन्दावन योजना पर ''अ– मोक्ष बोध'' विषय पर एक परिचर्चा आयोजित की गयी ,जिसकी अध्यक्षता श्री आर पी द्विवेदी,ए.डी.जे.(से.नि.) ने किया तथा इसके संचालन का दायित्व श्रीयुत श्रीराम सहायक निदेशक बचत (से.नि.) ने संभाला। परिचर्चा में श्री एस के विश्नोई ,श्री असलम अली,श्री जटाशंकर,श्री के.एस. मिश्र,श्री वाई.पी.गौतम ,श्री समर्थ सिंह,श्री कुलदीप तिवारी ,श्री नागेन्द्र यादव,श्री ए.एन. वर्मा,,श्री अरुणेंद्र प्रताप सिंह,श्री विनय शंकर पाण्डेय, एवं श्री चंद्रजीत यादव आदि उपस्थित थे। परिचर्चा में उपस्थित लोगों ने ''अ–मोक्ष–चिन्तन'' के विषय में ''अ–मोक्ष एक प्रस्तुति'' के लेखक श्री शिवशंकर द्विवेदी, संयुक्त सचिव से.नि. उत्तर प्रदेश शासन से विस्तार से जानकारी देने का अनुरोध किया। उल्लेखनीय है कि, ''अ–मोक्ष एक प्रस्तुति'' के लिए श्री शिवशंकर द्विवेदी को उत्तर प्रदेश शासन द्वारा राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान उत्तर प्रदेश के माध्यम से एक लाख रुपए के श्रीवालकृष भट्ट पुरस्कार से पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया है। अ–मोक्ष–बोध के सम्बन्ध में श्री द्विवेदी जी ने विस्तार के समझाया कि,जीवन– प्रक्रिया की निरन्तरता में विश्वास ही ''अ–मोक्ष बोध'' है,। ऐसी कोई भी स्थिति नहीं आती है, जब कि, जीवनप्रक्रिया से मुक्ति मिलती हो। ऋग्वेद ही नहीं अपितु रामायण और महाभारत जैसे महाकाव्यों में भी जीवन–प्रक्रिया की निरन्तरता को रेखांकित किया गया है। इन महाकाव्यों के नायकों ने जीवन–प्रक्रिया की निरन्तरता में विश्वास करते हुए ही जीवन के लिए अनुकरणीय आचरण प्रस्तुत किया है। श्री द्विवेदी ने अनेक उदाहरणों से समझाया कि, जीवनप्रक्रिया की निरन्तरता में विश्वास करते हुए नियतकर्म सम्पादन की ओर लोगों को उन्मुख करना ही श्रीमद्भगवद्गीता का विवेच्य विषय है। ऐसी स्थिति में जीवन प्रक्रिया में रहते हुए ही वह कार्य करना चाहिए,जिससे सामाजिक व्यवस्था बनी रहे। जिन कार्यों से लोगों को पीड़ा मिलती है, उन कार्यों से बचना चाहिए। वस्तुतः जीवन का उद्देश्य जीवनप्रक्रिया से बाहर होना नहीं अपितु जीवनप्रक्रिया में रहते हुए ही यशोमय ढङ्ग से अर्जित शुभ के माध्यम से आनन्दमय जीवनयापन करना ही है। श्री द्विवेदी जी की जीवन के प्रति सकारात्मक सोच की प्रशंसा करते हुए उपस्थित लोगों ने शुभकामनाएं दी कि, ईश्वर उनकी लेखनी को ऊर्जावान बनाए रखें ताकि भविष्य में भी वह समाज के लिए उत्कृष्ट रचनाएं दे सकें। अन्त में ''अ–मोक्ष एक प्रस्तुति'' के वितरक श्रीमती अलका द्विवेदी ने परिचर्चा में उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त करते हुए आशा व्यक्त किया कि,भविष्य में भी लोग ऐसी परिचर्चाओं में उपस्थित होकर परिचर्चा को गौरवान्वित करेंगे। परिचर्चा में उपस्थित लोगों का आतिथ्य सत्कार श्रीमती कुसुम लता द्विवेदी और उनकी पौत्री अन्विका द्विवेदी ने किया।

# सेठ एम आर जयपुरिया गोयल कैंपस ने वैश्विक करियर मेले का किया आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। प्रत्येक व्यक्ति के जीवन मे एक सही दिशा, लक्ष्य एवं सही मार्गदर्शक की तलाश होती हैं। हमारे युवा पीढ़ी में भी अपने अध्ययन व अपने भविष्य को लेकर विचार सदैव ही उत्पन्न होते ही है, और वो अपनी तलाश को पाने के लिए कुछ भ्रमित भी है। ऐसे युवाओं और छात्रों की जिज्ञासाओं को शांत करने का प्रयास सेठ एम आर जयपुरिया गोयल कैंपस ने जेबा इंटरनेशनल एजुकेशनल स्कालरबर्ड के सौजन्य से वैश्विक करियर मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीपप्रज्वलन के साथ हुआ। डॉ. मोहम्मद अम्मार रिजवी (पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री) महेश अग्रवाल (अध्यक्ष, गोयल ग्रुप ऑफ इंसिटीट्यूब्स), जेबा प्रवीण 'पै' की संस्थापक व निदेशक विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. रीना पाठक तथा लखनऊ के अन्य प्रख्यात विद्यालयों के प्राचार्य इस अद्भुत कार्यक्रम के साक्षी बने। मुख्य अतिथि ने युवाओं की उत्सुकता, जोश का उत्साहवर्धन कुछ पंक्तियों द्वारा किया– एक राष्ट्र की विशेष आशा देश की युवओं की उचित शिक्षा में निहित है। इस सराहनीय प्रयास के लिए विद्यालय को बधाई दी। वहीं गोयल ग्रुप ऑफ इंसिटीटूट्यून्स के चेयरमैन महेश अग्रवाल ने युवाओं को आने वाले प्रतिस्पर्धा और स्वयं को सदैव तैयार रखने के लिए प्रेरित किया और अपने भाषण में विशेष पंक्तियों को जोड़ते हुए कहा– शिक्षा का पूर्ण उद्देश्य दर्पण को खिड़कियों में बदलना उन्हें समाज का एक उत्पादक और उठप्रेरक बनना विशेष रूप से युवाओं के लिए महत्वपूर्ण हैं। क्योंकि उन्हें अपने समाज में नई संभावनाओं को जगाना है एक मार्गदशक कि भूमिका निभानी है और यह वैश्विक करियर मेला एक मील का पत्थर साबित हो सकता है। अपने शिक्षार्थियों को विश्व




स्तर की प्रतिस्पर्धाओं में आत्मविश्वास से भरा एक उज्जवल भविष्य की अच्छी शुरुआत है। इस कार्यक्रम को कक्षा10–12 तथा स्नातक के शिक्षार्थियों को राष्ट्रीय एवं अंतरास्ट्रीय विश्वविद्यालयों से जुड़ने का एक अनूठा अवसर प्रदान किया गया है। एक प्रांगण में लगभग 30 से अधिक ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, दुबई, स्कॉटलैंड, स्विजरलैंड, यूके, यू एस ए तथा भारत सहित कई देशों के विश्वविद्यालयों ने अपने प्रतिनिधियों के साथ 800 से 1000 से अधिक छात्रों ने शिरकत किया और युवाओं ने अपनी उड़ान के संभव अवसर और पाठ्यक्रम प्राप्त हुआ। डॉ. रीना पाठक (प्रधानाचार्या) ने अपने निष्कर्ष भाषण में कहा कि सफलता की संभावना तब अधिक होती है जब व्यक्ति इस बारे में निर्णय लेते हैं कि उन्हें क्या सीखना है क्या आपने उसे व्यवस्थित तरीके से सीखा है तथा उसे अपनी रुचियों, क्षमताओं, आकांक्षाओं से जोड़ते हैं, और फिर उन मौजूदा अवसरों के बारे में सूचित किया जाता है जिनके लिए वे सतत प्रयास कर रहे उनका सही मार्गदर्शन किया जा सकता है। छात्रों के लिए बहुत सारे विकल्प उनका इंतजार कर रहे हैं, नये शिक्षा अवसर पाठ्यक्रम, स्कॉलरशिप और विभिन्न सुविधाओं से उनकी आकांक्षाओं को एक नई उड़ान मिलेगी।

# डा0 स्वामी भगवदाचार्य ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अशोक कुमार तिवारी को किया सम्मानित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। श्री तुलसी जन्मभूमि न्यास एवं सनातन धर्म परिषद द्वारा श्री तुलसी जन्मभूमि राजापुर सूकरखेत गोण्डा उत्तर प्रदेश में पंचम विश्व तुलसी सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें दीर्घकालीन रचनाधर्मिता एवं साहित्य सेवा के लिए ख्यातिलब्ध साहित्यिक सम्मान से श्री तुलसी जन्मभूमि न्यास एवं सनातन धर्म परिषद के संस्थापक एवं अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष डा0 स्वामी भगवदाचार्य द्वारा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अशोक कुमार



तिवारी को सम्मानित किया गया।

## कार्यालय–ग्राम पंचायत पारापट्टी, विकास खण्ड–करंजाकला, जौनपुर

पत्रांक– मेमो / ग्रा0पं0पा0 / दिनांक 30.04.2023

### अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023–24 में पंचम राज्य वित्त / पन्द्रहवां वित्त आयोग / मनरेगा बी.आर.जी.एफ. स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यों के लिए निम्निलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 01.05.2023 से 07.05.2023 तक कार्यालय कार्य दिवस में प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते है जो दिनांक 08.05.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष पूर्वाह्न 10:00 बजे खोली जायेगी। निविदा फार्म पैड पर होगी।

| क्र0सं0 | परियोजना का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | ईंट 150 एम0एम0 प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू | प्रति घन मी0 | |
| 4 | महीन बालू | प्रति घन मी0 | |
| 5 | स्टोन ब्लास्ट 22.4 से 53 एम.एम. | प्रति घन मी0 | |
| 6 | ईट गिट्टी | 20–40 एम.एम. | |
| 7 | सरिया 2 एमएम, 3 एमएम, 4 एमएम | प्रति कुन्तल | |
| 8 | ह्यूम पाइप 250 एम.एम. | प्रति हजार | |
| 9 | ह्यूम पाइप 300, 600, 900 एमएम | प्रति नग | |
| 10 | सोलर लाइट व स्ट्रीट लाइट | प्रति घन मी0 | |
| 11 | समर्सिबल पम्प 1 एचपी | प्रति सेट | |
| 12 | सिलिंग फैन / कैबल तार | | |
| 13 | कन्ट्रक्शन ज्वाइण्ट | | |
| 14 | पार्क बेंच / सी0सी0 बेंच | | |
| 15 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 16 | टाइल्स शौचालय सेट | प्रति नग | |
| 17 | हैण्डपम्प सामग्री व रिबोर आदि | प्रति नग | |
| 18 | इण्टर लांकिग | प्रति नग | |
| 19 | हेल्थ एण्ड सैनिटेशन | | |
| 20 | पंचायत भवन निर्माण सामग्री, फर्नीचर, कम्प्यूटर आदि क्रय | | |
| 21 | खेल के मैदान पर सामग्री, ओपेन जिम पर सामग्री | | |
| 22 | पेटिंग एवं चित्रकारी, स्टेश्नरी, अन्य व्यय | | |

प्रतिबन्ध एवं शर्तें– सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी अथवा नहीं। आपूर्तिकर्ता का वाणिज्यकर एवं आयकर कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुत दर पी.डब्लू.डी. के दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रू0 50 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्यकर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति / निर्माण समिति में चिह्नित होगा।

प्रधान — सुबाष राय

ग्राम पंचायत सचिव — प्रदीप कुमार श्रीवास्तव

# केराकत कोतवाली थाना अंतर्गत पुलिस मुठभेड़ में चार गो तस्कर गिरफ्तार : दो को लगी गोली

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : केराकत कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस व बदमाशों के साथ हुई मुठभेड़ में चार गो तस्कर गिरफ्तार किये गए है जिसमे दो तस्करों के पैर में गोली लगने से घायल हो गए ।इनके कब्जे से एक पिकअप गाड़ी पर लदे 4 गोवंश, 4 मोबाइल फोन, 2 तमंचा 315 बोर मय जिन्दा व खोखा कारतूस बरामद किया गया है। डा0 अजय पाल शर्मा पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण एवं उनकी गिरफ्तारी हेतु जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी केराकत जौनपुर के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक आदेश कुमार त्यागी थाना केराकत व नि0अ0 जयप्रकाश यादव तथा चौकी प्रभारी मुफ्तीगंज चंदन कुमार राय व मय टीम द्वारा मुफ्तीगंज से पसेवा जाने वाले लिंक रोड़ पर ग्राम सूचितपुर में रामचन्द्र राय के ईट भट्ठे के पास से मुखबिर की सूचना पर ग्राम पसेवा की तरफ से आ रही पिकप गाड़ी को रोकने का प्रयास किया गया परन्तु पुलिस वालो को देखते हुए पिकप पर सवार बदमाशों ने पुलिस पार्टी को जान मारने की नियत से फायर करने लगे, जिससे एक गोली चौकी इंचार्ज मुफ्तीगंज के बीपी जैकेट पर लगी, जिसपर पुलिस पार्टी द्वारा भी आत्मरक्षार्थ फायर किया गया,जिसमें दो बदमाशों को गोली गली जिससे घायल होकर गिर गये तथा दो बदमाशो को घेराबन्दी कर करते हुए पकड़ लिया गया। कुल चार बदमाश गिरफ्तार किये गये । गिरफ्तार बदमाशो से नाम पता पूछा गया तो घायल बदमाश एक ने अपना नाम समील्लाह पुत्र मंजूर नि0 फरिया थाना निजामाबाद जनपद आजमगढ़ तथा दूसरे घायल बदमाश ने अपना नाम अरमान पुत्र रफीक नि0 भदेठी थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर तथा तीसरे ने अपना नाम मो0 फरहान पुत्र अब्दुल हफीज भदेठी थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर व चौथे ने जिशान पुत्र अब्दुल हफीज नि0 भदेठी थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर बताया तथा जामा तलाशी से अभियुक्त समीउल्लाह उपरोक्त के पास से एक तमंचा 315 बोर व एक जिंदा तथा एक खोखा कारतूस 315 बोर व एक मोबाइल बरामद हुआ तथा अभियुक्त अरमान उपरोक्त के पास से एक तंमचा 315 बोर व एक जिंदा तथा एक मिस कारतूस 315 बोर व एक मोबाइल बरामद हुआ । मो0 फरहान तथा जिसान उपरोक्त के कब्जे से एक–एक अदद मोबाइल एवं पिकप गाड़ी सहित चार गोवंश बरामद हुआ ।अभियुक्तगणों को हिरासत पुलिस तथा बरामद तमंचा कारतूस पिकप गाडी व जानवर कब्जा पुलिस लेकर घायल अभियुक्तों को उ0नि0 युगल किशोर राय तथा हे0का मिथिलेश के साथ इलाज हेतु जिला चिकित्सालय जौनपुर रवाना



किया गया। गिरफ्तारी/बरादगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 157/23 धारा 307 भादवी व मु0अ0सं0 158/23 धारा 3/5/8 उ0प्र0गो0नि0 अधि0 तथा मु0अ0सं0 159/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट व मु0अ0सं0 160/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। अपराधिक इतिहास 1. अभि0 समीउल्लाह पुत्र मंजूर निवासी फरिया थाना निजामाबाद जनपद आजमगढ' । 1.मु0अ0स0 44/20 धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधि0 थाना निजामाबाद जनपद आजमगढ। 2.मु0अ0स0 71/20 धारा 3(1) गैगेस्टर अधि0 थाना निजामाबाद जनपद आजमगढ। 3.मु0अ0स0 215/20 धारा 401 भादवि0 थाना निजामाबाद जनपद आजमगढ। 4.मु0अ0स0 61/23 धारा 3(1) गैगेस्टर अधि0 थाना महरागंज जनपद जौनपुर । 5.मु0अ0स0 186/22 धारा 307 भादवि0 3/5/8 गोवध निवा0 अधि0. 11 पशु क्रुरता अधि0 व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना महराजंगज जनपद जौनपुर । 6. मु0अ0स0 187/22 धारा 307/336/411/413/414 भादवि0 थाना गम्भीर पुर जनपद आजमगढ । 7.मु0अ0स0 157/23 धारा 307भादवि0 थाना केराकत जनपद जौनपुर । 8.मु0अ0स0 158/23 धारा 3/5/8 गोवध निवा0 अधि0 थाना केराकत जनपद जौनपुर। 9.मु0अ0स0 159/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना केराकत जनपद जौनपुर। 2. अभि0 अरमान पुत्र रफीक निवासी भदेठी थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर । 1.मु0अ0स0 44/18 धारा 307/411/413 भादवि0 थाना सुरेरी । 2.मु0अ0स0 41/18 धारा 379/411 भादवि0 थाना चौरी जनपद भदोही । 3.मु0अ0स0 270/17 धारा 413/414/419/420/465 भादवि0 थाना गोपीगंज जनपद भदोही । 4.मु0अ0स0 157/23 धारा 307भादवि0 थाना केराकत जनपद जौनपुर । 5.मु0अ0स0 158/23 धारा 3/5/8 गोवध निवा0 अधि0 थाना केराकत जनपद जौनपुर। 6.मु0अ0स0 160/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना केराकत जनपद जौनपुर । 3. अभि0 मो0 फरहान पुत्र अब्दुल हफीज निवासी भदेठी थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर। 1.मु0अ0स0 52/21 धारा 3/5/8 गोवध निवा0 अधि0 व पशु क्रुरता अधि0 थाना दीदारगंज जनपद आजगढ । 2.मु0अ0स0 157/23 धारा 307भादवि0 थाना केराकत जनपद जौनपुर । 3.मु0अ0स0 158/23 धारा 3/5/8 गोवध निवा0 अधि0 थाना केराकत जनपद जौनपुर। 4. अभि0 जिशान पुत्र अब्दुल हफीज निवासी भदेठी थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर। 1.मु0अ0स0 157/23 धारा 307भादवि0 थाना केराकत जनपद जौनपुर । 2.मु0अ0स0 158/23 धारा 3/5/8 गोवध निवा0 अधि0 थाना केराकत जनपद जौनपुर।

# श्री जानकी जयन्ती महोत्सव सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय श्रावस्ती। जिले के इकौना तहसील के सीता भू प्रवेश धाम सीताद्वार में 28 एवं 29 अप्रैल 2023 को श्रीजानकी जयन्ती महोत्सव का आयोजन किया गया । सनातन धर्म परिषद एवं श्रीसीता भू प्रवेश धाम ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में श्रीरामचरितमानस का अखण्ड पाठ किया गया । ऐसी मान्यता है कि परित्याग के बाद भगवती सीता इसी स्थल पर रही थीं और यहीं उनका भू प्रवेश हुआ था। श्रीराम कथा के अनुसार भगवती सीता अपने बनवास काल के अन्त में भगवान श्रीराम से मिलने के बाद धरती में प्रवेश कर गयीं। यह स्थान उत्तर प्रदेश में अयोध्या के समीप श्रावस्ती जिले में बलरामपुर बहराइच मार्ग पर श्रावस्ती से लगभग 15 किमी0 पश्चिमोत्तर में स्थित है। प्राचीन काल से यह स्थान सीताद्वार के नाम से जाना जाता है। यही वह स्थान है जहां भगवती सीता पृथ्वी में प्रवेश कर गयी। महर्षि वाल्मीकि ने रामायण में उल्लेख किया है कि – आयता दश च द्वे योजनानि महापुरी श्रीमती त्रीणि विस्तीर्णा सुविभक्त महापथा ।। रामायण कालीन अयोध्या 48 • 12 कोस अर्थात् लगभग 150 किमी0 लम्बा और 40 किमी0 चौड़ा अयोध्या नगर स्थित था। इस प्रकार सीता द्वार प्राचीन अयोध्या नगर का अंग है। यह वही स्थान है जहां लवकुश ने अयोध्या वासियों और भगवान राम को रामायण की कथा सुनाई थी। लवकुश के रामायण गान से प्रभावित होकर भगवान राम द्वारा उनका परिचय पूछे जाने पर वाल्मीकि ऋषि के माध्यम से लवकुश और श्रीराम का परिचय हुआ। तत्पश्चात् सीता जी भी भगवान राम के समक्ष आयी उस समय कुछ लोगों ने सीता जी की शुद्धि की बात कही। वाल्मीकि जी ने कहा कि सीता जी में कोई दोष नहीं है। फिर भगवान राम ने उन्हें राजमहल चलने का आग्रह किया। उसके बाद सीता ने राजमहल जाने से मना कर दिया। सीता जी ने पृथ्वी माता से कहा कि हे पृथ्वी माता अगर मैंने मन से भी श्रीराम के अलावा



अन्य किसी पुरुष के बारे में नहीं सोचा हो तो आप मुझे स्थान दीजिए। उसके बाद धरती फट गयी और सीता जी उसमें प्रवेश कर गयीं। यथाहं राघवादन्यं मनसापि न चिन्तये। तथा मे माधवी देवि विवरं दातुमर्हति । सीता जी का प्रादुर्भाव सीतामढ़ी में हुआ था जो वर्तमान में बिहार प्रान्त में है। जनकपुर (नेपाल) में लालन–पालन हुआ और भगवान राम से विवाह होने के बाद अयोध्या कुछ समय रहकर उनके साथ चौदह साल बनवास में बिताया। लंका विजय के बाद अयोध्या आने पर उनका राज्याभिषेक हुआ। तत्पश्चात् गुप्तचरों से अफवाह सुनकर श्रीराम ने सीता माता का परित्याग कर दिया। वाल्मीकि आश्रम में निवास करते हुए तेजस्वी कुश और लव को जन्म दिया। अयोध्या में भगवान राम से मिलने के बाद राजसुख का परित्याग करके भगवती सीता धरती में प्रवेश कर गयीं। इसीलिए यह स्थान लोगों की आस्था का आकर्षण बना हुआ है। भारत सरकार द्वारा विकसित किये जा रहे रामायण सर्किट में सीता भू प्रवेश धाम सीता द्वार महत्वपूर्ण केन्द्र बन सकता है। हमारी मांग है कि सीता भू प्रवेश धाम सीता द्वार श्रावस्ती को रामायण सर्किट योजना के अन्तर्गत सम्मिलित किया जाय। श्रावस्ती के निकट सीता भू प्रवेश धाम सीता द्वार का विकास हो जाता है तो पर्यटन का एक महत्वपूर्ण स्थान भारतीय जनमानस की आस्था का केन्द्र बन सकता है। 29 अप्रैल 2023 सायं 4:00 बजे से व्याख्यान तथा भण्डारा और इसके पश्चात सीता द्वार झील पर सामूहिक दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में सीता भू प्रवेश धाम सीता द्वार श्रावस्ती को रामायण सर्किट में सम्मिलित करने की मांग की गयी।

# सपा प्रत्याशी ने विभिन्न वार्डों में किया सघन जनसंपर्क

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी उषा जयसवाल का आज ख्वाजगी टोला , सब्जी मंडी, ढालगर टोला, चकप्यार अली, वाजिदपुर दक्षिणी, वार्डों में जनसंपर्क कर साइकिल पर मतदान करने



की अपील की जनसंपर्क के दौरान अपील करते हुए कहा जनता के अपार जनसमर्थन जिस तरह समाजवादी पार्टी को मिल रहा है। जनता हमारा चुनाव स्वयं लड़ रही हैं जनता ने मन बनाया है इस बार परिवर्तन करेंगी भाजपा सरकार ने जीस तरह लोकतंत्र को खत्म कर रही हैं। झूठे वादे करना ही उनकी आदत बन गयी है नगरपालिका क्षेत्र में चारों तरफ कोई भी गली ऐसा नहीं है जहां साफ सफाई दिखाई देता हो । चारों तरफ गंदगी के अंबार है टूटी–फूटी सड़कें बजबजाती नालिया ही 20 साल का विकास दिख रही है। इन सब सम्स्याओं पर न कभी भाजपा सरकार ने ध्यान दिया न ही यहां के अध्यक्ष ने जनता ने सबको देखा है किसी के बहकावें में नहीं आयेगी भाजपा इस चुनाव में किसी स्तर तक गिर सकती हैं जनता को सावधान रहना होगा इनके किसी भी बहकावे में नहीं आना है बीजेपी को चारों खाने चित्त करने के लिए नगरपालिक की जनता ने मन बना लिया है। समाजवादी पार्टी को हर जाति हर धर्म के लोग इस बार मतदान करने जा रहे है निश्चित रूप इस बार 20 साल का भ्रष्टाचार खत्म होगा।

# पत्रकार को गोली मारने वाला अभियुक्त आनन्द यादव गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : लाइन बाजार थाना अंतर्गत पुलिस द्वारा पत्रकार को गोली मारने वाला वांछित अभियुक्त आनन्द यादव उर्फ भुलेश गिरफ्तार पुलिस अधीक्षक जौनपुर, डा0 अजय पाल शर्मा के द्वारा अपराध एवं



अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण एवं दिशा निर्देशन में आज दिनांक 30/04/2023 को प्रभारी निरीक्षक संजय वर्मा थाना लाइनबाजार जौनपुर मय हमराह द्वारा दि0 26.02.23 को पत्रकार देवेन्द्र खरे को गोली मारने वाले वांछित अभियुक्त आनन्द यादव पुत्र राजकुमार यादव नि0 कुद्दूपुर खीरी थाना लाईनबाजार जनपद जौनपुर को मुखबिर की सूचना पर रसैना तिराहे से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया। आपराधिक इतिहास – 1.मु0अ0सं0 104/23 धारा 307/506/120बी IPC थाना लाइनबाजार जौनपुर। गिरफ्तारी टीम –1.प्रभारी निरीक्षक संजय वर्मा थाना लाइनबाजार जौनपुर । 2.उ0नि0 राजेश कुमार यादव, थाना लाइनबाजार जौनपुर। 3.हे0का0 सुरेन्द्र कन्नौजिया, थाना लाइनबाजार जौनपुर। 4.का0 बृजेश यादव, थाना लाइनबाजार जौनपुर।

## विभिन्न थाना क्षेत्रों से सात वारंटी गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुलिस अधीक्षक जौनपुर, डा0 अजय पाल शर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम 07 वारंटी अभियुक्ता / अभियुक्त विभिन्न थानों द्वारा गिरफ्तार– 1. थाना मड़ियाहूँ पुलिस ने दिनांक 30.04.23 को एक वारंटी अभियुक्त आशुतोष दूबे पुत्र जगदीश दूबे निवासी ग्राम चोरारी थाना मडियाहूँ जनपद जौनपुर संबंधित मु0अ0सं0 568/18 धारा 8/21 NDPS Act के विरुद्ध मा0 न्यायालय विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट जौनपुर द्वारा जारी वारण्ट के अनुपालन में उपरोक्त वारण्टी को स्थानीय पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है। 2. थाना खेतासराय पुलिस ने आज दिनांक 30.04.2023 को वारंटी बिंद लाल यादव पुत्र बंसू यादव निवासी सीधा थाना खेतासराय जनपद जौनपुर को उसके घर से गिरफ्तार किया गया, गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही कर सम्बन्धित न्यायालय भेजा जा रहा है। 3. थाना बक्सा पुलिस ने आज दिनांक–30.04.2023 को तीन वारंटी अभियुक्त व दो वारण्टी अभियुक्ता 1.मालती देवी पत्नी रविशंकर 2.संगीता देवी पत्नी रतनचंद 3.विजय हरिजन पुत्र मेवालाल 4. रतन चन्द पत्रु बाबुराम निवासीगण ग्राम सरैयाचन्द थाना बक्शा जनपद जौनपुर को सम्बन्धित मु0नं0 9742/17 धारा 323,504,506 भादवि व 5. धर्मू यादव पुत्र हरिहर यादव निवासी ग्राम गोरियापुर थाना बक्सा जौनपुर को सम्बन्धित मु0नं0 954/12 धारा mv act में गिरफ्तार किया गया।

## वन दरोगा की परीक्षा में पकड़ा सॉल्वर : प्रयागराज के कोचिंग संचालक ने चार लाख में की थी छात्र से डील

लखनऊ ब्यूरो : राजधानी लखनऊ में रविवार को वन दरोगा की मुख्य परीक्षा में विकासनगर थाना क्षेत्र स्थित परीक्षा केंद्र शांति कॉन्वेंट इंटरमीडिएट कॉलेज में दूसरे की जगह परीक्षा देते सॉल्वर पकड़ा गया। सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक की परीक्षा के बीच करीब साढ़े 11 बजे आयोग से प्रधानाचार्य के पास कॉल आया और एक संदिग्ध युवक के परीक्षा देने की जानकारी दी गई। इसके बाद पड़ताल करने पर प्रयागराज निवासी प्रदीप कुमार निषाद परीक्षार्थी सत्यम तिवारी के स्थान पर परीक्षा देते पकड़ लिया गया। परीक्षा के बाद पर्यवेक्षक की निगरानी में आरोपी का बयान लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह एक कोचिंग संचालक है। अभ्यर्थी सत्यम तिवारी से चार लाख रुपये में उसकी डील हुई है। परीक्षा के बाद उसे पैसे मिलने थे। स्कूल से एक अन्य संदिग्ध युवक भी पकड़ा गया। पूछताछ में दोनों परिचित परिचित मिले। दोनों को विकासनगर पुलिस को सौंप दिया गया। प्रधानाचार्य ने आरोपी प्रदीप निषाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए पुलिस को तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक विकास नगर शिवानंद ने बताया कि प्रधानाचार्य ने आरोपी सॉल्वर के खिलाफ तहरीर दी है। आरोपी के साथ शक के आधार पर लाए गए दूसरे शख्स को पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया है। आरोपी प्रदीप उसे लखनऊ घुमाने का लालच देकर लाया था।

# पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त होने पर बीजेपी से 6 वर्षों के लिए किया निष्कासित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के आदेशानुसार भारतीय जनता पार्टी नगर निकाय चुनाव 2023 में पार्टी द्वारा घोषित अध्यक्ष प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव लड़ रहे और पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त होने के कारण इन लोगों को आगामी 6 वर्षों के लिए भारतीय जनता पार्टी से निष्कासित किया जाता है जिसमे – नगर पंचायत खेतासराय से संजीव गुप्ता पुत्र किशोरी, लालमनी गुप्ता (बुआ जी) पुत्री फेकू निवासी कोहरौटी, नगर पंचायत बदलापुर से सत्यम सिंह पुत्र शशिकान्त सिंह और स्मिता सिंह पत्नी सत्यम सिंह निवासी सरोखनपुर, जितेन्द्र सिंह पुत्र तीरथ, संगीता सिंह पत्नी जितेन्द्र सिंह निवासी भलुवाही। इसी तरह मछलीशहर सांगठनिक जिला में निम्न लोगो को निष्काषित किया गया– नगर पंचायत जफराबाद से संदीप सेठ। केराकत से मीनू वर्मा,प्रभाकर वर्मा (राजू), निर्मला देवी, मनोज कमलापुरी, अमित कमलापुरी। रामपुर से मनीष जायसवाल, अशोक चौबे, संजय जायसवाल, सुजीत गुप्ता। मड़ियाहूं से बनवारी सेठ , निशा निगम, अनिल साहू, ममता वर्मा, अमरदीप मोदनवाल।

# निकाय चुनावों के लिये सेंट जोसेफ समूह के बच्चों ने ली शत प्रतिशत मतदान करवाने की शपथ

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुये सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेगें। राजधानी में आगामी 4 मई को होने वाले नगर निगम निकाय चुनावों के अवसर पर विश्व के सबसे बडे़ लोकतांत्रिक देश के स्कूली बच्चों ने लोगों से शत–प्रतिशत मतदान करवाने की शपथ ली। इस अवसर पर राजधानी में सेंट जोसेफ समूह की सभी शाखाओं में बच्चों को शत–प्रतिशत मतदान करवाने की शपथ दिलवायी गयी। इस अवसर पर उपस्थित वार्ड के प्रत्याशियों ने बच्चों को मतदान का महत्व बताया। बच्चों ने भी अपने माता–पिता पड़ासियों व अन्य जानने वालों को मतदान के प्रति जागरूक करने व शत–प्रतिशत मतदान करवाने की प्रतिज्ञा ली। सेंट जोसेफ समूह के प्रबन्ध निदेशक अनिल अग्रवाल ने इस



अवसर पर कहा कि मतदान का दिन एक उत्सव की तरह मनाना चाहिये। सभी नागरिकों का यह कर्तव्य है वे अपने मत का दान अवश्य करें। 'विद्यालय संस्थापक श्रीमती पुष्पलता अग्रवाल ने बताया कि जो बच्चे अपने अभिभावकों को मतदान करवायेगें उनको वार्षिक परीक्षा में दस अतिरिक्त अंक प्रदान किये जायेगें। उन्होने बच्चों से कहा कि वे निर्वाचन आयोग के ब्रांड एम्बेसडर है तथा वे अभी खुद मतदान भले ही नहीं कर सकते है परन्तु दूसरों को मतदान करने की प्रेरणा अवश्य दे सकते है।

# जिले में पांचवा स्थान प्राप्त करने वाली दो छात्राओं सहित अन्य को किया गया सम्मानित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय खरगूपुर(गोंडा) ।हाल ही में यू पी बोर्ड परीक्षा के आये परिणाम में जिले में पांचवा स्थान प्राप्त करने वाली दो छात्राओं को विद्यालय के प्रबंधक व प्रधानाचार्य ने साईकिल व मेडल देकर सम्मानित किया ।खरगूपुर क्षेत्र के बाबा पृथ्वीनाथ बालिका इंटर कॉलेज की हाई स्कूल की छात्रा शिवानी यादव ने जिले में पांचवा स्थान व स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय के प्रबंधक नित्यानंद शुक्ला व प्रधानाचार्य ऊषा त्रिपाठी ने साइकिल देकर सम्मानित किया। प्रबंधक श्री शुक्ल ने हाई स्कूल की छात्रा केतकी पांडे दूसरा अंशिका तीसरा शाइस्ता खातून चौथा महक मिश्रा को स्कूल में पांचवा स्थान प्राप्त करने पर मेडल व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इंटरमीडिएट में नेहा ने स्कूल में प्रथम तमन्ना खान ने दूसरा काजल शर्मा ने तीसरा साक्षी शुक्ला ने चौथा आस्था तिवारी ने पांचवा स्थान प्राप्त करने पर मेडल देकर सम्मानित किया गया ।वहीं खरगूपुर के श्री गुरुकुल मदन मोहन इंटर कॉलेज फत्तेगढ़ की छात्रा कोमल शुक्ला को हाई स्कूल की परीक्षा में जिले में पांचवा स्थान प्राप्त हुआ ।इसी के साथ हिमांशु द्विवेदी



को स्कूल में द्वितीय,शैलेश कुमार शुक्ला को तृतीय, नीलम को चौथा काजल को पांचवा हर्ष शुक्ला को छठवां आस्था को सातवां लक्ष्मी को पूजा नौवां रीता को दसवां स्थान प्राप्त हुआ है ।स्कूल के प्रबंधक भूपेंद्र कुमार तिवारी प्रधानाचार्य दर्शन कुमार सोनकर ने सभी छात्र–छात्राओं को फूल माला पहनाकर मेडल व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विद्यालय परिवार ने सभी छात्र छात्राओं को खूब पढ़ो खूब बढ़ो के मंत्र के साथ भविष्य में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी ।सम्मान समारोह में शेष नारायण शुक्ला,ठाकुर प्रसाद, माधवराज, रामदास,पूनम मिश्रा,जगदंबा प्रसाद मिश्रा, जितेंद्र कुमार पाठक,रामकिशोर पांडे,मालिकराम भवानी आदि उपस्थित रहे।

# निकायों में भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था के लिए भाजपा उम्मीदवार को जिताएं –केशव प्रसाद मौर्य

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि निकायों में भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था के निकाय चुनाव में भाजपा उम्मीदवार जिताएं। उप मुख्यमंत्री शाहजहांपुर मार्ग पर बड़ी फील्ड में भाजपा उम्मीदवार संजय मिश्र के पक्ष में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने अपराधियों को राजनीति में लाने का अपराध किया है। अपराध को बढ़ावा देने वाली सपा को जनता ने सत्ता की चाबी सौंपना बंद कर दिया है। इसलिए, निकाय चुनाव में प्रदेश की नगर निगमों,नगर पंचायतों एवं नगर पालिकाओं में कमल खिलने जा रहा है। उनका आरोप है कि सपा ,बसपा के शासनकाल में अपराधियों और भ्रष्टाचारियों का बोलबाला था ।गरीबों का शोषण किया जाता था। कहा कि भाजपा का कमल सुशासन, सुरक्षा और विकास की गारंटी है। अब माफिया और गुंडाराज खत्म हो चुका है। ऐसे में निकाय चुनाव जिताकर प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार बनवाएं। उपमुख्यमंत्री ने युवाओं का आवाहन करते हुए कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता घर घर सम्पर्क कर ऐसे युवाओं से मिले जो पहली बार वोट डालने वाले हो, उन्हें पार्टी की सोच और पार्टी के लक्ष्य से परिचित कराएं ।आप सभी अपने अपने बूथों पर ' मेरा बूथ सबसे मजबूत' की तर्ज पर पूरी निष्ठा के साथ लगकर ऐतिहासिक जीत हासिल करें। अंत में श्री मौर्य ने कहा कि भगवान विष्णु के अनन्य भक्त प्रह्लाद जी की नगरी हरदोई की मंडी समिति स्थित हेलीपैड पर आगमन पर पार्टी पदाधिकारियों, स्थानीय जनों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। आप सभी का बहुत–बहुत आभार व्यक्त करता हूँ। उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में वोट मांगते हुए कहा कि नगर पालिका शाहाबाद से भ्रष्टाचार और आतंक की राजनीति को खत्म कर विकास की गंगा बहाने के लिए भाजपा के उम्मीदवार संजय भैया को जिताएं। एटा के



सांसद राजवीर सिंह ने कहा है कि इस बार भाजपा निकाय चुनाव फतह करने में कामयाब होगी ।उन्होंने कहा कि हरदोई की सभी सीटों पर कमल खिलाकर यहां लोग विकास को एक नया आयाम देंगे। क्षेत्र की जनता भाजपा को जिताने जा रही है। इससे नगरों की तरक्की और उन्नति में काफी लाभ होगा। उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे में बताया ।कहा कि यहां की जनता विकास और विश्वास की कसौटी को साथ लेकर चलता है। ऐसे में जनता ने चुनाव परिणाम तो पहले ही तय कर दिया है। निश्चित रूप से जिले में सभी सीटों पर कमल खिलेगा और भाजपा उम्मीदवारों की जीत होगी। इस कार्यक्रम के दौरान 2022 में विधान सभा क्षेत्र शाहाबाद के बसपा उम्मीदवार रहे ए बी सिंह अपने साथियों के साथ भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा जिलाध्यक्ष सौरभ मिश्र नीरज,भाजपा सांसद जय प्रकाश रावत,सुधीर हलवासिया, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावति,अजीत सिंह बब्बन, ब्लॉक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्र, सत्येन्द्र कुमार सिंह राजपूत,राम बहादुर सिंह, ए बी सिंह, आदि ने भी विचार व्यक्त कर भाजपा उम्मीदवार को जिताने का आग्रह किया ।इस अवसर पर निकाय चुनाव मीडिया प्रभारी अनुराग श्रीवास्तव, सुभाष रस्तोगी, सुभाष पांडेय, गोपाल त्रिपाठी, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक नवनीत गुप्ता, सुभाष सिंह, विकास मिश्र, संजय सक्सेना, भाजपा नेता राजेन्द्र मिश्र,वेदराम राजपूत,जिला महामंत्री सत्येन्द्र राजपूत, गंगा राम राठौर,अमित मिश्र, जितेन्द्र सिंह सहित हजारों नागरिक मौजूद रहे।

# अपहरण की गई किशोरी को पुलिस ने उमापुर तिराहे से किया बरामद : अपहरणकर्ता गिरफ्तार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)बाबा बाजार थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया अपहरणकर्ता आरोपी को जेल भेजा गया ,साथ ही किशोरी को भी मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया। रुदौली सर्किल के बाबा बाजार थाना क्षेत्र से चार दिन पूर्व अपहृत की गयी किशोरी को पुलिस ने बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।क्षेत्र के एक गांव से बीते मंगलवार को शौच करने गयी एक किशोरी का अपहरण कर लिया गया।किशोरी की मां ने ग्राम लोहटी सेरैया के बच्चू लाल पुत्र शिवदयाल पर अपनी पुत्री का अपहरण करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी।पुलिस ने धारा 363 के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को पकड़ने के प्रयास शुरु कर दिया। कल शनिवार को मुखबिर के जरिये सूचना मिली कि बच्चू लाल किशोरी को साथ लेकर उमापुर तिराहा पर कहीं जाने के लिये वाहन के इंतिजार में खड़ा है।थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने तत्काल कामाख्या धाम चौकी प्रभारी थीरेंद्र कुमार आजाद को मौके पर भेजा।थीरेंद्र कुमार आजाद ने सिपाही मनोज कुमार यादव तथा महिला सिपाही को साथ लेकर मौके पर पहुंच कर किशोरी को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया गया और किशोरी को भी मेडिकल परीक्षण के लिये भेजा गया है।

# वाराणसी रेलवे ट्रैक पर अलग–अलग हादसों में दो की गई जान : एक के आत्महत्या की आशंका

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) लखनऊ–वाराणसी रेल प्रखंड पर अयोध्या कैंट थाना क्षेत्र में दो अलग–अलग हादसों में दो युवकों की मौत हो गई। मामले की जानकारी के बाद राजकीय रेलवे पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया है। मोदहा के पास हुई घटना में युवक की ओर से आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है, वहीं पुलिस अलनाभारी रेलवे स्टेशन के पास हुए हादसे में मृत युवक की शिनाख्त की कवायद में जुटी है। बताया गया कि शुक्रवार की देर रात अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन के अधीक्षक ने मेमो भेज अयोध्या कैंट जीआरपी थाने को बताया कि मोदहा इलाके में गोदाम हाउस के पास एक 22 वर्षीय युवक की रेलवे ट्रैक पर लाश पड़ी है। राजकीय रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि आरपीएफ का स्टाफ और स्थानीय लोग मौके पर मौजूद हैं। शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा है और शव से धड़ अलग है। हादसा साबरमती एस्क्सप्रेस से हुआ है। मृतक की शिनाख्त कैंट थाना क्षेत्र के अहिरन का पुरवा, गद्दोपुर निवासी शोभित यादव के रूप में हुई। उसके पिता केशरी प्रसाद यादव की पूर्व में मौत हो चुकी है।वहीं जीआरपी अयोध्या कैंट क्षेत्र में ही अलना भारी रेलवे स्टेशन के निकट एक्सप्रेस ट्रेन 04651 जयनगर–अमृतसर से 40 वर्षीय युवक की कटकर मौत हो गई। हादसा लगभग 6:30 पर हुआ। अलनाभारी रेलवे स्टेशन के अधीक्षक ओर से 7.40 बजे सूचना दिए जाने के बाद अयोध्या जीआरपी चौकी इंचार्ज अशोक पाठक ने शव को शिनाख्त के लिए आधुनिक चीरघर में रखवाया है।जीआरपी अयोध्या कैंट के प्रभारी निरीक्षक प्रेम प्रकाश शुक्ला ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया गया है। एक की अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुटी है।

# डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने श्रम दान व राम लला का दर्शन कर मंदिर निर्माण कार्यों का लिया जायजा

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत सूबे के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने श्री राम मंदिर में निर्माण कार्य देखा। वहां श्रमदान किया।ईंट को सिर पर उठाकर निर्माण कार्य स्थल तक पहुंचाया। प्रभु श्रीराम को नमन किया। उन्होंने जल्द ही मंदिर निर्माण पूरा होने की उम्मीद जाहिर की है।डिप्टी सीएम ने कहा कि श्री राम जन्मभूमि पर मंदिर का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। जो अपने तय समय सीमा से पहले पूरा होगा। उसके बाद श्री रामलला को गर्भगृह में विराजित कर दिया जाएगा। भक्तगण दर्शन व पूजन कर सकेंगे। डिप्टी सीएम ने मंदिर में श्रीराम लला के दर्शन किए। पूजन अर्चना की। उसके बाद उन्होंने श्री राम मंदिर निर्माण कार्य का भी जायजा लिया। निर्माण कार्य में जुटे मजदूरों से भी भेंट की। अधिकारियों से निर्माण कार्य की प्रगति भी जानी। उन्होंने कहा कि श्रीराम मंदिर निर्माण प्रभु बजरगंबली और रामलला की इच्छा से हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से मंदिर निर्माण कराया जा रहा है। दुनिया के सभी लोग जो भारतीय परंपरा से जुड़े हैं। वे अयोध्या आकर प्रभु श्रीराम जी के दर्शन कर सकेंगे।अयोध्या भारत ही नहीं बल्कि दुनिया भर के लोगों के लिए एक बहुत बड़े पर्यटक स्थल के रूप में विकसित हो रहा है। इससे यूपी के विकास और पर्यटन को रफ्तार देने में मदद मिलेगी। श्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि अयोध्या में तेजी व सुनियोजित तरीके से विकास कार्य हो रहा है। अगले एक साल के भीतर अयोध्या वास्तव में एक सुंदरतम नगरी के रूप में देश और दुनिया के सामने होगी।उन्होंने अधिकारियों से विभिन्न परियोजनाओं की गुणवत्ता बनाते हुए लगातार निगरानी रखने के दिशा निर्देश दिए।

# एलआईयू फर्जी और बिना आईकार्ड के पत्रकारिता : पोर्टल पर खबर चलाने वालो की गोपनीय जानकारी जुटाना किया शुरू

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। अतीक हत्याकांड में पत्रकार का आईडी लगाने के बाद केंद्र सरकार और नच सरकार ने LIU से जो पोर्टल, अखबार, इलेक्ट्रानिक मीडिया का बता कर फील्ड में काम कर रहे है उनकी हकीकत जानने और उनके संस्थान से जारी आईकार्ड की जांच करने का काम अयोध्या में शुरू हुआ। LIU ने इलेक्ट्रानिक, प्रिंट, पोर्टल या अन्य सोशल मीडिया का आईकार्ड लेकर चलने वाले पर कसा शिकंजा, मांगा जा रहा सबकी सूची। RNI रजिस्ट्रेशन नही करवाने वाले की जांच तेज। महानगर से लेकर ग्रामीण अंचलों में इस समय चुनाव को लेकर निजी पोर्टल, सोशल मीडिया व तथाकथित पत्रकारों की टोली घूम घूम कर वसूली करने का भी शिकायत। महानगर से कुछ लोग अचानक हुए शांत, लेकिन देहात क्षेत्र में अभी भी माइक और आईडी लेकर कुछ लोग रहे घूम जिनके पास कार्ड किसी और संस्थान का है और काम कही और कर रहे।

# छात्रवृत्ति घोटाले में आईएएस और पीसीएस अफसरों की संलिप्तता के मिले सुराग : हाइजिया संचालकों की पेशी आज

लखनऊ ब्यूरो : छात्रवृत्ति घोटाले में अल्पसंख्यक कल्याण, समाज कल्याण और दिव्यांग सशक्तिकरण के अधिकारियों की संलिप्तता के पुख्ता प्रमाण प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को मिले हैं। इनमें से कई आईएएस और पीसीएस अफसर भी हैं, जिनको छात्रवृत्ति घोटाले की रकम का हिस्सा पहुंचाया जा रहा था। इस घोटाले में गिरफ्तार हाइजिया एजूकेशन ग्रुप के संचालकों से पूछताछ में ये सामने आया है। ईडी हाइजिया के दोनों संचालकों समेत तीनों आरोपितों को सोमवार को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश अजय विक्रम सिंह की अदालत में पेश करके रिमांड अवधि बढ़ाने का अनुरोध करने जा रही है। केंद्र सरकार की तरफ से गरीबों, अल्पसंख्यकों, एससी–एसटी और दिव्यांगों को दी जाने वाली इस छात्रवृत्ति को हड़प कर मानवता को शर्मसार करने वाली कॉलेज संचालकों की करतूतों की जब ईडी ने परतें उधेड़नी शुरू की तो कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। पता चला कि घोटाले की रकम का एक बड़ा हिस्सा इन विभागों के अधिकारियों की जेब में पहुंचाया जा रहा था। जांच अधिकारी रामचंदर की तरफ से इन सभी अधिकारियों को सम्मन भेजना शुरू कर दिया गया है। सूत्रों की मानें तो ईडी के हाथ बड़े पैमाने पर मनी लांड्रिंग के सुराग भी लगे हैं, जिससे इन अधिकारियों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। बताते चलें कि ईडी के बार–बार अनुरोध करने पर भी इन विभागों के अधिकारी छात्रवृत्ति से जुड़ी जानकारियां भी नहीं दे रहे थे। रिक्शाचालक का भी खोला खाता ईडी की जांच में सामने आया है कि हाइजिया के संचालकों ने पुराने लखनऊ में रहने वाले रिक्शा चालक अजय लाल का भी बैंक खाता खोल दिया था। वह किसी छात्र को कॉलेज छोड़ने आया था, जिसके बाद उसे केंद्र सरकार की योजना का लाभ दिलाने का लालच देकर अगूंठा लगवा लिया गया। बाद में फिनो बैंक के एजेंट ने उसका बतौर छात्र खाता खोल दिया। इसी तरह लखनऊ निवासी




बीपीओ कर्मी पूर्णिमा वर्मा का फर्जी दाखिला दिखाया गया। गुडंबा निवासी दिव्यांग अरविंद कुमार का भी इसी तरह खाता खोला गया था। चौक निवासी मीना देवी का भी हाइजिया के संचालकों ने खाता खोल दिया था। करीब 80 वर्षीय मीना देवी की 12 साल पहले मृत्यु हो चुकी है। गुवाहाटी में कॉलेज, लखनऊ में 20 से ज्यादा संपत्तियां हाइजिया के संचालकों से पूछताछ में उनके गुवाहाटी में निर्माणाधीन कॉलेज का पता चला है। इसके अलावा नेपाल, लखनऊ, नोएडा समेत एक दर्जन से ज्यादा शहरों में बेशकीमती संपत्तियां होने की जानकारी मिली हैं। छापे के दौरान मिले संपत्तियों के दस्तावेज सामने रखकर जब ईडी के अधिकारियों ने पूछताछ की तो संचालकों ने लखनऊ की 20 से ज्यादा संपत्तियों में से 12 संपत्तियां बेनामी होने की बात कबूली दी। अब ईडी इन संपत्तियों को अटैच करेगी। पूर्वोत्तर के कुछ अन्य शहरों में भी कॉलेज खोलने के लिए जमीन खरीदने की पुष्टि की जा रही है। 20 से ज्यादा नए कॉलेजों का नाम आया सामने पूछताछ के दौरान हाइजिया के संचालकों ने 20 से ज्यादा ऐसे कॉलेजों के नाम भी कबूले हैं, जहां पर छात्रवृत्ति हड़पने के लिए फर्जी बैंक खाते खोले गए। दरअसल, इन कॉलेजों के छात्रों के बैंक खातों से जुड़े कुछ दस्तावेज छापों के दौरान बरामद हुए थे। जब रिमांड पर इन दस्तावेजों के बारे में पूछताछ की गई तो संचालकों ने कबूला कि उन्होंने ही इन कॉलेजों का खाता फिनो बैंक के एजेंट्स के जरिए खुलवाया था।

## प्रधान डाकघर में सेल्फी पाइंट लगने से महिलाओं व बालिकाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को मिलेगा बल – पी के सिंह

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) महिला सम्मान बचत पत्र योजना ने पकड़ी रफतार महिलाएं अपने भविष्य को आर्थिक आजादी देने के लिए डाकघर की सर्वाधिक ब्याज वाली योजना में अब तक सैकडों महिलाओं ने मण्डल के डाकघरों में निवेश किया। अयोध्या प्रधान डाकघर में भारत सरकार के द्वारा शुरू की गई महिला सम्मान बचत पत्र योजना को गति देने के लिए ग्राहक जागरूक अभियान चलाया गया। दूसरी ओर महिला ग्राहकों को प्रोत्साहित करने के लिए डाक विभाग ने सेल्फी प्वाइंट भी बनाया जहाँ महिला सम्मान बचत पत्र के साथ अपनी फोटो लिया जा सकता है। केंद्र सरकार ने महिलाओं की निवेश में भागीदारी बढ़ाने और उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए छोटी बचत योजना के तहत एक नई स्कीम महिला सम्मान बचत पत्र की शुरुआत 1 अप्रैल 2023 से किया गया। जिसमें सिर्फ महिलाएं ही निवेश कर सकती है यह महिला सम्मान बचत पत्र योजना कम समय में ज्यादा रिटर्न का लाभ देगी। महिला सम्मान बचत पत्र के अंतर्गत न्यूनतम 1000 अधिकतम 2 लाख निवेश किया जा सकता है महिला सम्मान बचत पत्र में केवल 2 साल में 7.5 फीसदी का ब्याज मिलेगा। एक बार निवेश करने के बाद तीन माह बाद ही दूसरा निवेश किया जा सकेगा।अयोध्या मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर पी के सिंह ने कहा कि महिलाओं व बालिकाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए आम बजट में घोषित 'महिला सम्मान बचत पत्र योजना' अब सभी डाकघरों में उपलब्ध है। योजना में 2 साल के लिए ध्2 लाख तक जमा किए जा सकेंगे, जिस पर 7.5: ब्याज देय होगा। साथ ही कहा कि 'नारी शक्ति का स्वाभिमान, भारत की पहचान' है इस महिला सम्मान बचत पत्र योजना से नारी सशक्तिकरण को बल मिलेगा महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत होंगी एवं यह महिला सम्मान बचत पत्र महिलाओं के भविष्य को संवारते हुए उनके सपनो को पंख लगायेगा। यह खास योजना महिलाओं कम समय में अधिक ब्याज देगा जिससे महिलाओं को उच्च शिक्षा जैसे डॉक्टर, इंजीनियर, प्रशासनिक सेवाओं की सौगात देने के साथ–साथ भ्रूण हत्या जैसे जघन्य अपराधों पर भी रोक लगायेगा और नारी सशक्तिकरण को बल प्रदान करेगा। प्रभारी सीनियर पोस्टमास्टर सुमन पाण्डेय ने महिला सम्मान बचत पत्र देते हुए कहा कि महिलाएं देश का भविष्य है और राष्ट्र निर्माण में इनका महत्वपूर्ण योगदान है। अधिक जानकारी के लिए अपने नजदीकी डाकघर से संपर्क करें।

# नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु तैनात किये गये पीठासीन अधिकारी

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु तैनात किये गये पीठासीन अधिकारी, प्रधान अधिकारी प्रथम का प्रशिक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार के निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक नियुक्ति एवं प्रशिक्षण अनिता यादव की अध्यक्षता में का.सु.साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय अयोध्या में सम्पन्न हुआ, जिसमें तैनात किये गये 608 पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारी प्रथम क्रमशः 08 तथा 07 अनुपस्थित रहे, जिनके सम्बंध में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा चेतावनी दी गयी कि यदि अग्रिम प्रशिक्षण कार्यक्रमों में वे प्रतिभाग नही करते है तो उनके विरूद्व दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने प्रशिक्षण को सम्बोधित करते हुये कहा कि नगर निगम अयोध्या का सामान्य निर्वाचन 2023 ईवीएम तथा नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों का निर्वाचन मतपत्र/मत पेटी के माध्यम से सम्पन्न होगा। उन्होंने कहा कि आपकी नियुक्ति पीठासीन अधिकारी/मतदान कार्मिक के रूप में की गयी है। आपको कार्य एवं व्यवहार में निष्पक्ष रहने के साथ निष्पक्ष दिखना भी चाहिए। किसी भी कार्मिक को किसी राजनैतिक दल अथवा व्यक्ति से निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने तक कोई सम्पर्क रखा जाना आपेक्षित नही है। समस्त मतदान कार्मिकों की नियुक्ति उत्तर प्रदेश नगर पालिका (सदस्यों, पार्षदों, अध्यक्षों और महापौर का निर्वाचन) नियमावली 2010 के नियम 15–(1) के अन्तर्गत की गयी है, जिसे किसी भी दशा में नकारने अथवा टालने की स्थिति में सम्बंधित कार्मिक को दण्डनीय कार्यवाही की जा सकती है। उन्होंने आगे सम्बोधित करते हुये कहा कि आपका प्रथम कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व है कि आप चुनाव से सम्बंधित कानून एवं प्रक्रिया तथा राज्य निर्वाचन आयोग के अद्यतन नियमों व निर्देशों से भली भांति परिचित है और ईवीएम के प्रचालन प्रक्रिया का आपको भली प्रकार समझ होनी चाहिए। परियोजना निदेशक आर0पी0 सिंह ने प्रशिक्षण के सम्बंध में बिन्दुवार जानकारी दी तथा सभी से मतदान को सकुशल सम्पन्न कराये जाने का आहवान किया। प्रशिक्षण के दौरान डी0डी0ओ0 सहित तैनात किये गये पीठासीन व सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अंदर खाने की बगावत के शिकार हो रहे हैं अयोध्या नगर निगम भाजपा व सपा मेयर प्रत्याशी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)नगर निगम अयोध्या के महापौर के चुनाव 2023 में भारतीय जनता पार्टी ने अयोध्या धाम के महंत गिरीश पति त्रिपाठी को महापौर का टिकट देकर जब से प्रत्याशी घोषित किया है सबसे जिले के पार्टी और संघ के अंदर खाने के विरोध के चलते पूरी क्षमता से चुनाव प्रचार में सक्रियता देखने को नहीं मिल रही है। प्रचार प्रसार भी उतना होता हुआ नहीं दिख रहा है जितना हमेशा होता था।जबकि आगामी 11 मई को मतदान होना है।पार्टी का प्रचार धीमी गति से चल रहा है।वहीं पर प्रमुख विपक्षी दल समाजवादी पार्टी से भी घोषित प्रत्याशी को लेकर कुछ खेमे के लोग नाराज चल रहे हैं।प्रचार को धार देने मेंध लगी है डोर टू डोर मतदाताओं को लुभाने में 41 जुड़े नए गांव के मतदाताओं के कारण चुनाव काफी रोमांचक हो गया है।भाजपा से जुड़े शरद पाठक बाबा अपनी पत्नी अनीता पाठक के लिए काफी दिनों से भाजपा में मेयर के प्रत्याशी का टिकट मांग रहे थे। टिकट न मिलने से नाराज शरद पाठक बाबा जिनकी पत्नी अनीता पाठक का निशान संख है।बागी के रूप में चुनाव मैदान में पूरे दमखम से लगे हैं। वहीं पर भाजपा और संघ के वरिष्ठ नेताओं की फौज भी चुनाव प्रचार में दूर–दूर तक नजर नहीं आ रही है। वहीं पर समाजवादी पार्टी के मेयर पद के प्रत्याशी डॉ आशीष पांडे दीपू के लिए भी पार्टी से टिकट न मिलने से नाराज मनोज जयसवाल अंदर खाने में विरोध का स्वर मुखरित कर रहे हैं। कुल 9 मेयर प्रत्याशी चुनाव मैदान में है और अपनी पूरी क्षमता से प्रचार प्रसार में लगे हैं जिनमें कांग्रेश से प्रमिला राजपूत आप पार्टी से इंजीनियर कुलभूषण बसपा सहित सभी विपक्षी दलों के मेयर प्रत्याशी और पार्षद अपने अपने चुनाव प्रचार में लग गए हैं।

## निकाय चुनाव प्रचार को लेकर प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार।किसी अन्य राजनीतिक दल/उम्मीदवार यह उसके समर्थक का पुतला लेकर चलने उन्हें सार्वजनिक स्थल पर जलाना अथवा इस प्रकार के अन्य कृत्य व प्रदर्शन नहीं करेंगे ना ही इसका समर्थन करेंगे। निर्धारित व्यय सीमा से अधिक व्यय नहीं करेंगे। किसी भी उम्मीदवार यह उम्मीदवारों के राजनैतिक विचारों यह कृत्य से असहमति व मतभिन्नता होते हुए भी प्रत्येक व्यक्ति के शांतिपूर्ण विघ्नरहित पारिवारिक जीवन के अधिकार का आदर किया जाएगा। किसी व्यक्ति के विचार/कृत/मत का विरोध उसके निवास के सामने कोई भी प्रदर्शन व धरना आयोजित नहीं किया जाएगा। चुनाव प्रचार के लिए किसी व्यक्ति की भूमि/भवन/अहाते/दीवार का उपयोग झंडा लगाने/झंडियां टांगने/बैनर लगाने जैसे कार्य उस व्यक्ति की अनुमति के बिना नहीं करेंगे और ना ही अपने चुनाव कार्यकर्ताओं/एजेंट को ऐसा करने देंगे। किसी भी शासकीय/सार्वजनिक संपत्ति/स्थल/भवन/परिसर पर विज्ञापन/वॉल राइटिंग नहीं करेंगे। कटआउट/होल्डिंग/बैनर नहीं लगाएंगे और ना ही किसी तरह से गंदा करेंगे। अन्य उम्मीदवार के पक्ष में आचार संहिता का उल्लंघन कर लगाए गए झंडे/पोस्टर को स्वयं ना हटाकर उन्हें हटाने तथा उन्हें नियमसंगत कार्यवाही हेतु जिला प्रशासन से अनुरोध करेंगे। चुनाव प्रचार हेतु वाहनों के प्रयोग के लिए जिला प्रशासन से अनुमति प्रदान करेंगे। चुनाव प्रचार हेतु लाउडस्पीकर एवं साउंड बॉक्स प्रयोग पूर्वानुमति लेकर ही करेंगे और इसका प्रयोग रात्रि 10:00 बजे से प्रातः 6:00 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा। स्थाई तौर पर लाउड स्पीकर व साउंड बॉक्स नहीं स्थापित किए जाएंगे। टीवी चौनल/केबल




नेटवर्क/वीडियो वाहन अथवा रेडियो से किसी प्रकार का विज्ञापन/प्रचार जिला प्रशासन की अनुमति के पश्चात ही कर सकेंगे। कोई भी मुद्रक यह प्रशासक यह कोई व्यक्ति ऐसी कोई निर्वाचन/प्रचार सामग्री जिसके मुख्य पृष्ठ पर उसके मुद्रक व प्रशासक का नाम और पता ना हो मुद्रित यह प्रकाशित नहीं करेगा और न ही मुद्रित यह प्रकाशित करायेगा।मुद्रण के अंतर्गत फोटोग्राफी भी सम्मिलित होगी। किसी भी व्यक्ति द्वारा राजनीतिक दलों/ प्रत्याशियों की अनुमति के बिना उस के पक्ष में निर्वाचन विज्ञापन यह प्रचार सामग्री प्रकाशित नहीं कराई जाएगी। यदि कोई व्यक्ति इसका उल्लंघन करता है तो उसका यह कृत्य भ.द.सं. की धारा 171–एच के अंतर्गत दंडनीय होगा। सभा/रैली/जुलूस का आयोजन जिला प्रशासन से पूर्व अनुमति लेकर करेंगे। किसी अन्य राजनीतिक दल उम्मीदवार के समर्थन में आयोजित सभावों और जुलूसों आदि में किसी किसी प्रकार से बाधा यह विघ्न उत्पन्न नहीं करेंगे। सभा/रैली/जुलूस को इस प्रकार आयोजित करेंगे कि यातायात में बाधा उत्पन्न ना हो। जुलूसों और सभाओ यह रैलियों में जिला प्रशासन द्वारा दंड संहिता की धारा–144 के अंतर्गत असलहे/लाठी–डंडे/ईट–पत्थर लेकर नहीं चलेंगे। सभा/रैली/जुलूस में लाउडस्पीकर यह किसी प्रचार वाहन/वीडियो वाहन का उपयोग जिला प्रशासन की अनुमति लेकर करेंगे। रात्रि 10:00 बजे से प्रातः 6:00 बजे तक लाउडस्पीकर/साउंड बॉक्स का प्रयोग नहीं किया जाएगा। मतदान समाप्त होने के लिए निर्धारित समय से 48 घंटे पूर्व सार्वजनिक सभा वाह चुनाव प्रचार बंद कर दिया जाएगा। इसमें टीवी/केबल भी शामिल है।

# बीकापुर के जलालपुर भग्गू में आग से दलित का आवास जलकर खाक

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) अज्ञात कारणों से दलित के आवासीय छप्पर में आग लगने से भग्गूजलालपुर के मजरे पूरे सधई तिवारी निवासी दलित राम अवध पुत्र जासू का आवासीय छप्पर खाक हो गया।ग्रामीणों ने तत्काल अग्निशमन को सूचना दी। सूचना पाते ही अग्निशमन टीम ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया।ग्रामीणों व अग्निशमन की टीम ने तत्परता दिखाते हुए गृहस्ती के कुछ सामान और पड़ोसी छप्पर में बंधे मवेशियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।किन्तु घटना में पीड़ित दलित के गृहस्थी का काफी सामान जलकर राख हो गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुरेश कुमार ने पीड़ित की आर्थिक सहायता करते हुऐ घटना से हल्का लेखपाल को अवगत कराया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे हल्का लेखपाल उमेश यादव ने बताया कि घटना में हुई नुकसानी की रिपोर्ट प्रशासन को भेजकर पीड़ित को अतिशीघ्र सरकारी सहायता दिलाई जाएगी।

# नहर मे डूबकर हुई युवक की मौत

अयोध्या।(डॉ अजय तिवारी जिला संवाददाता)रौनाही थाना क्षेत्र मगलसी मजरे चौधरी का पुरवा निवासी 26 वर्षीय सूरज सिंह पुत्र मदन सिंह की नहर मे डूबने से मौत हो गयी।घटना की सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने शव कब्जे मे लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।इस बाबत मे थाना प्रभारी ने बताया कि स्थानीय ग्रामीण एवं परिजनो के अनुसार युवक मिर्गी नामक दौरे का शिकार था।शाम को घूमने के दौरान नहर मे गिर जाने के कारण इसकी डूबकर मौत का कारण माना जा रहा है।शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट मिलने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

### टॉपर छात्र छात्राओं को प्रबन्ध तंत्र ने किया सम्मानित

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले में अपनी प्रतिभा से क्षेत्र व जिले का नाम रोशन करने वाली इन्टर की छात्रा सगुन सिंह हाईस्कूल की छात्रा चांदनी सहित कालेज में टॉप करने वाली छात्र छात्राओं को बीआर पब्लिक इंटर कालेज तहसीनपुर के कालेज प्रबंध तंत्र ने शनिवार को फूल माला और प्रशस्ति पत्र आदि देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में हाईस्कूल की शिखा 95.6 मुस्कान चौरसिया 89.83 अनुराधा पाण्डेय 89.83 प्रियाशिका पाण्डेय 89.5 फीसदी अंक पाने वालों में शामिल रही तो इंटर की शिखा पाण्डेय संध्या यादव अंजली शर्मा को सम्मानित करते हुए प्रबंधक कृष्ण कुमार पांडेय ने कहा ग्रामीण परिवेश में अच्छे अंक हासिल कर पाना कठिन होता है स लक्ष्य को ऊंचा और सामने रख कर परिश्रम से पढ़ाई की जाय तो कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। कालेज का नाम रोशन करने वाली छात्राओं से अन्य बच्चे भी अब प्रेरणा लेंगे ।मौजूद लोगों में प्रधानाचार्य नमिता पाण्डेय अभिषेक पाण्डेय सहित शिक्षक अभिभावक शामिल रहे।

## राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा में आएंगे पीएम मोदी, सितंबर के बाद तय होगी तारीख

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक में मंदिर निर्माण के साथ चल रहे यात्री सुविधाओं को तैयार करने पर हुआ मंथन किया गया।राम जन्मभूमि में भगवान श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के दौरान देश के प्रधानमंत्री पीएम मोदी जी अयोध्या पहुंचेंगे। राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने 22 जनवरी 2024 की तिथि का खंडन करते हुए कहा है कि 8 महीना पहले पीएम मोदी के आने की तिथि तय नहीं की जा सकती है। अयोध्या में निर्माण समिति की दो दिवसीय चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने ट्रस्ट के पदाधिकारियों सहित मंडलायुक्त गौरव दयाल, नगर आयुक्त विशाल सिंह के साथ निर्माणाधीन जन्मभूमि पथ का भी निरीक्षण किया। पथ पर अलग–अलग व्यवस्थाओं के लिए कौन सी जगह उचित रहेगी इसकी रूपरेखा तैयार की गई। चेकिंग प्वाइंट, यात्री सुविधा केंद्र, बेंच, पेयजल, शौचालय आदि के इंतजाम का खाका तैयार किया गया। वहीं बैठक के बाद ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि बैठक में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मुहुर्त पर चर्चा हुई है। उन्होंने साफ कहा कि 22 जनवरी 2024 को प्राणप्रतिष्ठा की बात महज अफवाह है।

## कटे सौ से अधिक प्रतिबंधित वृक्ष वनकर्मी फारेस्टर सहित कईयों पर लटकी कार्यवाही की तलवार

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। थाना रौनाही क्षेत्र के ग्राम चीरैधापुर मजरे पीलखवा गांव में पुलिस व वनकर्मियों की मिलीभगत से बिना परमिट सैकड़ों सागौन के पेड़ काटे गए। अवैध कटान की शिकायत पर डीएफओ ने सख्त कार्यवाही की आदेश दिए । घटना स्थल का निरीक्षण कर सौ से अधिक सागौन की जड़ को बरामद किया गया है। इस बड़े अवैध कटान में वन विभाग के क्षेत्रीय वनकर्मी सहित प्रवर्तन दल के शामिल होने की आशंका बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि ठेकेदारों ने इन प्रतिबंधित इमारती पेड़ो को काटकर जेसीबी से जड़ों को उखाड़ फेंका गया था। किसान के खिलाफ एफआईआर दर्ज वही ठेकेदारों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की तैयारी में महकमा जुटा है। कुमारगंज रेंज के चमनगंज के पास स्थित आरा मशीन पर अवैध कटान की लकड़ी और वाहन को बरामद किया गया है।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मो0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।